दैनिक
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार
n वर्ष : 10 अंक : 344 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 08 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# जी राम जी योजना से गांव में स्थाई कार्य होंगे और रोजगार की गारंटी मिलेगी : सीएम भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके जी राम जी को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से किया जा रहे दुष्प्रचार पर जोरदार हमला बोला और इस योजना को लेकर स्थिति स्पष्ट की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को बदलकर विकसित भारत की रामजी योजना लागू किए जाने पर कांग्रेस के विरोध पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने करारा जवाब दिया उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नई योजना को लेकर लोगों को गुमराह कर रही है दुष्प्रचार कर रही है उन्होंने कहा कि केवल विरोध के लिए विरोध करना विपक्ष के लिए उचित नहीं है । जयपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्र सरकार की जी रामजी योजना से ग्रामीणों को मिलने वाले लाभ और राज्य को होने वाले फायदे का उल्लेख किया उन्होंने कहा कि मनरेगा में जहां 100 दिन का काम मिलता था वहीं इस योजना के तहत 125 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा इसके अलावा ग्राम पंचायत के सुझाव के आधार पर कार्यों का चयन किया जाएगा इसमें गौशाला और तालाब निर्माण जैसे कार्य भी होंगे। इस योजना में स्थाई कार्य होंगे भ्रष्टाचार खत्म होगा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस योजना के जरिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में सरकार गंभीर प्रयास कर रही है इस योजना में ऐसे कार्य करवाए जाएंगे जो गांव को विकसित करेंगे कार्य स्थाई होंगे यह योजना गांव में रोजगार की गारंटी होगी इस योजना को राज्य के 15 विभागों से जोड़ा जा रहा है इस संबंध में मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार इसके लिए सक्षम है और राजस्थान में इस योजना के तहत काम शुरू कर दिए गए हैं । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि टिकाऊ और जवाब दे है वित्तीय मॉडल पर आधारित वीबी राम जी अधिनियम में हर वर्ष के लिए एक स्पष्ट और तय बजट निर्धारित किया जाएगा मांग के अनुसार काम उपलब्ध कराने की व्यवस्था पहले की तरह बनी रहेगी



### राज्य सरकारों को कानून में 60 दिन का कार्य विराम घोषित करने का अधिकार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा की नई बीवी जी राम जी अधिनियम 2025 में 100 दिनों से बढ़कर 150 दिन रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है उन्होंने कहा कि किसान और मजदूर एक दूसरे के पूरक हैं कई छोटे किसान खेती भी करते हैं और मजदूरी भी करते हैं खेती के दिनों में श्रमिक को अतिरिक्त लाभ मिल सके इसके लिए राज्य सरकारों को इस कानून में 60 दिनों तक कार्य विराम घोषित करने का अधिकार भी दिया गया है उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के तहत मजदूरी का भुगतान हर सप्ताह करना अनिवार्य किया गया है और दो सप्ताह से अधिक देरी होने पर स्वत मुआवजा मिलेगा उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यय की सीमा को बढ़ाकर 9 प्रतिशत किया गया है ताकि स्टाफ तकनीकी विशेषज्ञ प्रशिक्षण और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो सके

### कांग्रेस की सरकारों ने मनरेगा को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मनरेगा को ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी देने के उद्देश्य से लाया गया था लेकिन कांग्रेस की सरकार के कमजोर प्रशासन और भ्रष्टाचार के कारण यह अपने लक्ष्य को पूर्ण तरीके से प्राप्त नहीं कर पा रही थी इसमें जनता के पैसे का सही उपयोग नहीं हो पा रहा था उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गलत इच्छा के चलते मनरेगा के तहत किए गए अधिकांश कार्य गांव की समग्र विकास योजनाओं से नहीं जुड़ पाए इसमें अस्थाई सड़कों अधूरी जल संरचनाओं और बिना योजना के मिट्टी के कार्य करवाए जाते थे जिनकी कोई दीर्घकालिक उपयोगिता नहीं थी।

### मनरेगा में फर्जीवाड़ा, सोशल ऑडिट केवल औपचारिकता बनकर रह गई थी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मनरेगा में फर्जी और डुप्लीकेट जॉब कार्ड नकली लाभार्थी मनगढ़ंत हाजिरी और मजदूरी भुगतान में एनी नेताओं की जांच पड़ताल के लिए कोई सुधार व्यवस्था नहीं होने के कारण सोशल ऑडिट केवल औपचारिकता बनकर रह गई थी प्रशासनिक व्यय की सीमा सिर्फ 6 प्रतिशत होने से योजना का प्रभावी क्रियान्वयन संभव नहीं हो पता था वही बेरोजगारी भत्ता तथा देरी से भुगतान पर मुआवजा जैसे प्रावधान कागजों तक सीमित रह गए थे ।

### जी राम जी में हर 6 महीने में डिजिटल तथ्यों के साथ सोशल ऑडिट अनिवार्य होगी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जी राम जी योजना में योजना के तहत जल संसाधन मुख्य ग्रामीण बुनियादी ढांचा आजीविका अवसरंचना और आपदा प्रबंधन से जुड़े ठोस व टिकाऊ कार्य करवाए जाएंगे जिओ ट्रैकिंग सैटलाइट इमेजरी मोबाइल एप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीक के उपयोग से पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी हर 6 महीने में डिजिटल तथ्यों के साथ सोशल ऑडिट अनिवार्य होगी इसके साथ ही निश्चित समय सीमा वाली डिजिटल बहु स्तरीय शिकायत निवारण प्रणाली और जिला लोकपाल की व्यवस्था भी की गई है ।

### जी राम जी योजना सहकारी संघवाद का मॉडल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस ऐतिहासिक सुधार को लेकर लोगों को गुमराह कर रही है गलत तथ्य और जानकारी देकर लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है जो ठीक नहीं है उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने काफी सोच विचार और मनरेगा में कई तरह की गड़बड़ियां भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा की शिकायतों को देखते हुए यह नई योजना तैयार की है और यह योजना सहकारी संघवाद का मॉडल है जिसमें राज्यों की 40 प्रतिशत भागीदारी से राज्यों को जवाब देने की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की गई है उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से कार्य कम होने का भ्रम फैलाया जा रहा है जबकि सच्चाई यह है कि नए कानून से अब सुनियोजित तरीके से गांव की वास्तविक जरूरत के हिसाब से कार्य करवाए जाएंगे प्रधानमंत्री गति शक्ति से जुड़कर गांव में पानी स्थाई सड़क और आवश्यक बुनियादी ढांचे के कार्य भी होंगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दुष्प्रचार पूर्ण एलिगेशन को बेनकाब करना आपकी और हमारी जिम्मेदारी है इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनहित में ले गए वी जी राम जी अधिनियम 2025 की खूबियां को जनता तक पहुंचाना भी हमारी जिम्मेदारी है ।

इसमें राज्यों को कल 17000 करोड रुपए तक का अतिरिक्त आवंटन होने की उम्मीद है उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यय की सीमा में वृद्धि करने से पर्याप्त स्टाफ तकनीकी विशेषज्ञ प्रशिक्षण और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो सकेगी

## रूसी झंडे वाले टैंकर पर अमेरिका का कब्जा, उत्तरी अटलांटिक महासागर में नौसेना की कार्रवाई; बढ़ेगा तनाव



जयपुर टाइम्स

**वाशिंगटन (एजेंसी)** वेनेजुएला पर अमेरिका ने सैन्य कार्रवाई की और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर पूरी दुनिया में सनसनी फैला दी। इस बीच अमेरिकी नौसेना ने उत्तरी अटलांटिक में वेनेजुएला से जुड़े प्रतिबंधित तेल टैंकर पर कब्जा कर लिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को नाम न छापने की शर्त पर इस कार्रवाई की जानकारी दी। उत्तरी अटलांटिक महासागर में कई हफ्तों तक पीछा करने के बाद रूस के झंडे वाले तेल टैंकर को सफलतापूर्वक जब्त कर लिया है। नाम न छापने की शर्त पर बात करते हुए अधिकारी ने संवेदनशील सैन्य अभियानों पर चर्चा की। अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी सेना ने पोत को जब्त कर लिया और उसका नियंत्रण कानून प्रवर्तन अधिकारियों को सौंप दिया। बता दें कि अमेरिका पिछले महीने से ही उस टैंकर का पीछा कर रहा था, जब उसने वेनेजुएला के आसपास प्रतिबंधित तेल जहाजों पर अमेरिकी नाकाबंदी से बचने की कोशिश की थी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अमेरिकी यूरोपीय कमान ने पुष्टि की है कि अमेरिकी तटरक्षक बल के कटर मुनरो ने जहाज को जब्त करने से पहले 'अमेरिकी संघीय अदालत द्वारा जारी वारंट के तहत' उसका पीछा किया था। बता दें कि कटर मुनरो मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और खोज व बचाव जैसे मिशनों के लिए इस्तेमाल होता है। सैन्य कमान ने आगे कहा कि यह जब्ती राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस घोषणा का समर्थन करती है, जिसमें प्रतिबंधित जहाजों को निशाना बनाने की बात कही गई है, जो 'पश्चिमी गोलार्ध की सुरक्षा और स्थिरता को खतरा' पहुंचाते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक यह टैंकर पहले 'बेला 1' नाम से जाना जाता था, लेकिन बाद में इसका नाम बदलकर 'मारिनेरा' रख दिया गया और इसे रूसी झंडा के तहत चलाया जा रहा था।

## विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस ने कसी कमरः पर्यवेक्षकों की सूची जारी; बघेल को असम, पायलट को केरल की कमान

जयपुर टाइम्स



**नई दिल्ली(एजेंसी)** आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने तत्काल प्रभाव से असम, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इन पर्यवेक्षकों की जिम्मेदारी संबंधित राज्यों में संगठनात्मक समन्वय, चुनावी रणनीति की निगरानी, उम्मीदवार चयन प्रक्रिया और स्थानीय नेतृत्व के साथ तालमेल सुनिश्चित करना होगा। पार्टी नेतृत्व ने इन राज्यों में चुनावी प्रबंधन बेहतर बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को मैदान में उतारा है। पार्टी की ओर से जारी सूची के अनुसार, असम में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और बंधु तिर्की को वरिष्ठ पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये नेता राज्य में चुनाव प्रचार और रणनीति की देखरेख करेंगे। केरल में पार्टी ने युवा और अनुभवी नेताओं के मिश्रण पर भरोसा जताया है। यहां सचिन पायलट, के.जे. जॉर्ज, इमरान प्रतापगढ़ी और कन्हैया कुमार को वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए मुकुल वासनिक, उत्तम कुमार रेड्डी और काजी मोहम्मद निजामुद्दीन को जिम्मेदारी मिली है। पश्चिम बंगाल में चुनावी गतिविधियों की निगरानी के लिए सुदीप रॉय बर्मन और शकील अहमद खान को नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों के जरिए कांग्रेस ने स्पष्ट संकेत दिया है कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में पूरी मजबूती और रणनीतिक तैयारी के साथ मैदान में उतरने जा रही है।

## भाजपा कार्यालय में गजेंद्र सिंह खींवसर ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना, तबादलों की ज्यादा शिकायत





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में बुधवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर द्वारा कार्यकर्ता सुनवाई आयोजित की गई। इस कार्यकर्ता सुनवाई में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याएं, सुझाव एवं परिवाद मंत्री के समक्ष रखे। कार्यकर्ता सुनवाई के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया कि आज प्राप्त कुल परिवादों में से लगभग 66 प्रतिशत मामले चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित रहे जबकि शेष परिवाद अन्य विभागों से जुड़े थे। अन्य विभागों से संबंधित परिवादों को संबंधित मंत्रियों को भेज दिया गया है ताकि उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि किसी भी कार्यकर्ता की समस्या लंबित न रहे। खींवसर ने बताया कि बुधवार को हुई कार्यकर्ता सुनवाई में करीब 150 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें से अधिकांश तबादलों से संबंधित थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सुनवाई जैसे कार्यक्रम सरकार और संगठन के बीच सेतु का कार्य करते हैं और जमीनी स्तर की वास्तविक समस्याओं को सामने लाते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार कार्यकर्ताओं की भूमिका को सर्वोपरि मानते हुए ऐसी सुनवाइयों के माध्यम से पारदर्शी एवं संवेदनशील प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं संगठन स्तर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने और संगठन को मजबूत करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। कार्यकर्ता सुनवाई में भाजपा महामंत्री भूपेंद्र सैनी, प्रदेश मंत्री नारायण मीणा भी उपस्थित रहे।

## निर्वाचन विभाग चाहे फरवरी में ही करवा ले चुनाव सरकार तैयार : झाबर सिंह खर्रा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खैरा ने बुधवार को सीकर में एक बार फिर से कहा है कि राजस्थान सरकार ने पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव के लिए गत वर्ष अक्टूबर माह में ही अपनी ओर से सभी तैयारी पूरी कर ली थी चुनाव से संबंधित सरकार का कोई भी कार्य बाकी नहीं बचा है। निर्वाचन विभाग चाहे तो फरवरी में ही चुनाव करवा सकता है उन्होंने कहा कि चुनाव करवाने में सरकार की ओर से पहले भी कोई कमी नहीं थी और अब भी कोई कमी नहीं है लेकिन निर्वाचन विभाग ओबीसी आयोग की रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है इसमें सरकार क्या कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता हमेशा तथ्यहीन और प्रदेश की जनता को गुमराह करने वाले बयान देते हैं यह उनकी आदत पड़ गई है। सरकार चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है ।यूडीएच मिनिस्टर खर्रा ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं जिनकी राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश में सराहना हो रही है उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश में भजनलाल सरकार ने कांग्रेस पार्टी को कहीं का नहीं छोड़ा है कांग्रेस पार्टी अस्तित्व विहीन हो गई है इसीलिए उनके नेता बेवजह के मुद्दे और विषय लेकर पब्लिक के बीच में और मीडिया में चर्चा में रहने का प्रयास करते रहते हैं लेकिन राजस्थान की जनता ने पिछले 2 साल में प्रदेश के भजनलाल सरकार के कार्यों को देखा है महसूस किया है और फायदा उठाया है और राजस्थान हर क्षेत्र में जितनी तेजी से आगे बढ़ा है उसकी प्रदेश के लोग खूबप्रशंसा कर रहे हैं इसलिए हम पंचायत राज नगर निकाय चुनाव ही नहीं बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भी एक तरफ शानदार जीत दर्ज करेंगे ।

## कोहरे का कहर; सड़क, रेल और हवाई यातायात तक जबरदस्त असर

**जयपुर** राजस्थान में कोहरे कहर बरपा रहा है। जमीन से लेकर आसमान तक कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। राजधानी जयपुर में पिछले दो दिनों से छाए घने कोहरे ने हालात और बिगाड़ दिए। बुधवार सुबह स्थिति यह रही कि सामने के मकान तक दिखाई नहीं दे रहे। विजिबिलिटी लगभग शून्य रही। वहीं मंगलवार को भी जयपुर में कोहरे और शीतलहर का जबरदस्त प्रकोप रहा। धूप देर तक नहीं निकलने से लोग रजाइयों में दुबके रहे। दोपहर बाद जब सूरज निकला और तेज धूप खिली, तब सर्दी से कुछ राहत मिली और दृश्यता धीरे-धीरे बेहतर होने लगी। मंगलवार को सुबह 6 से 8 बजे तक विजिबिलिटी शून्य रही, जो दोपहर करीब 2 बजे बढ़कर 800 मीटर तक पहुंची। कम दृश्यता का असर सड़क, रेल और हवाई यातायात पर भी पड़ा। एयरपोर्ट पर सुबह के समय शून्य विजिबिलिटी दर्ज की गई। दो दिन से राजधानी कोहरे की चपेट में है।

## भजनलाल ने विकसित भारत यंग डायलॉग के चयनित प्रदेश के युवाओं से किया संवाद, मोदी प्रदेश के 65 युवाओं से करेंगे संवाद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में विकसित भारत यंग डायलॉग कार्यक्रम के तहत देश भर के युवाओं से संवाद करेंगे इस कार्यक्रम के लिए प्रदेश के 65 युवाओं का चयन हुआ है जो मोदी से दिल्ली में संवाद करेंगे प्रदेश के इन चयनित युवाओं के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खुद बुधवार को संवाद किया । मुख्यमंत्री शर्मा ने युवाओं से मुलाकात के दौरान उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और इस महत्वपूर्ण प्रोग्राम में चयन होने पर युवाओं को बधाई प्रेषित की और कहा कि आप बहुत सौभाग्य शाली हैं जो भारत के ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के



लोकप्रिय और महान नेता से आमने-सामने बैठकर बातचीत करेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा ने युवाओं से कहा कि पीएम मोदी से मिलना और उनके साथ अपने अनुभव और विचार शेयर करना अपने आप में सभी युवाओं के जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण पल होगा । उन्होंने युवाओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान विकसित भारत की परिकल्पना में उनके दिल और दिमाग में विभिन्न विषयों और विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जो भी बातें और निष्कर्ष उनके दिमाग में आ रहे हैं उन्हें वे खुलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताईं । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो भी कार्यक्रम तैयार करते हैं उसके पीछे एक बहुत बड़ा रीजन और लक्ष्य होता है तैयार करते हैं उसके पीछे एक बहुत बड़ा विजन होता है आज का भारत का युवा काफी टैलेंटेड है और विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया भर में अपना कौशल दिख रहा है इसलिए प्रधानमंत्री मोदी भारत की युवा शक्ति की बौद्धिक कुशलता और शारीरिक कुशलता दोनों से वाकिफ है इसलिए देश भर के युवाओं के मन में भारत के समुचित विकास और विकसित भारत की परिकल्पना में उनके दिमाग में जो आईडिया हैं वह जानना चाहते हैं ताकि सरकार युवाओं से मिले सुझाव और आइडिया के आधार पर आगे सरकारी योजनाएं और बजट का स्वरूप निर्धारित कर सके इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश के चयनित युवाओं से संवाद के दौरान कहा कि वे अपने अनुभव रिसर्च अनुसंधान और आइडिया के बारे में प्रभावपूर्ण तरीके से अपनी बातें पीएम मोदी के समक्ष रखें जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के लिए प्रदेश के चयनित युवा काफी उत्साही नजर आए युवा मोदी से हो रही । इस मुलाकात को अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण पल पता रहे हैं उन्होंने कहा कि जब उनकी पीएम मोदी से मुलाकात होगी तो यह मुलाकात उनके करियर उनकी सोच और उनकी परिकल्पना को ही निश्चित तौर पर नई दिशा और गति देगी द्य जानकार लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीक्षित भारत की परिकल्पना के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत 2047 परिकल्पना के आधार पर दूरगामी नजरिया को ध्यान में रखते हुए न केवल केंद्र सरकार की ओर से योजनाएं तैयार करके उन्हें प्रस्तुत कर रहे बल्कि केंद्र सरकार की ओर से विभिन्न क्षेत्रों के लिए जो बजट जारी किया जाता है उस बजट में भी विकसित भारत की परिकल्पना साफ दिखाई देती है इसलिए प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत की परिकल्पना में देश के युवाओं के योगदान उनकी सोच और उनके आइडिया की बड़ी भूमिका मान रहे हैं यही वजह है कि मोदी देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े टैलेंटेड छात्रों औरयुवाओं से नियमित रूप से समय-समय पर संवाद करते रहते हैं और उनके सुझाव और आइडिया का संकलन करते रहते हैं इसी प्रयास में मोदी एक बार फिर से देश भर के युवाओं के साथ दिल्ली में संवाद कर रहे हैं जिसमें राजस्थान के भी विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े टैलेंटेड छात्रों और युवाओं के साथ मोदी संवाद करेंगे उन युवाओं के साथ बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बातचीत की और अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश और टिप्स भी दिए ।

## नि:शुल्क जोड़ रोग परामर्श 10 को

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महावीर इन्टरनेशनल अलवर केन्द्र द्वारा संचालित आचार्य हस्ति चिकित्सालय, 1 शान्तिकुंज, भवानी तोप सर्किल, मीनल होटल के पास, अलवर में 10 जरवरी, शनिवार को नि:शुल्क जोड़ रोग परामर्श शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया जायेगा। केन्द्र सचिव वीर सूर्यकान्त भारद्वाज ने बताया कि इस शिविर में फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर के डॉ. अनूप झुरानी (रोबोटिक्स एवं कम्प्यूटर एडेड जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ) की टीम से डॉ. गौरव अरड़ावतिया (हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ) द्वारा नि:शुल्क परामार्श दिया जायेगा।

## चनाना में बालाजी महाराज के मंदिर के विकास उत्थान पर चर्चा



जयपुर टाइम्स

**चनाना(निस)।** चनाना सरकारी स्कूल के सामने 40 वर्षों से बना पौराणिक बालाजी महाराज के मंदिर पर उनकी दीवार में और परस्पर पासी में दूसरे घरों से लैट्रिन बाथरूम की नालियों का गंदा पानी आता है और बालाजी महाराज की दीवार पर उसके गंदे पानी के छीटे लगते हैं। मंदिर काफी पुराना होने से आने जाने वाले लोगों के पैरों में आता है हिंदू धर्म में हमारे देवी और देवताओं के मंदिर हमेशा ऊंचे होने चाहिए। पास की बस्ती में काफी सेठ साहूकार बिरादरी का रहने का घर है, लेकिन कोई भी इस मंदिर की तरफ ध्यान आकर्षित नहीं करता आने वाले मंगलवार को चंदन गांव के सभी लोगों की एक मीटिंग का आयोजन किया जाएगा उसमें मंदिर के विकास उत्थान की चर्चा रखी जाएगी। सनातन धर्म में जहां बस्ती के लोग रहते हैं, वहां मंदिर बना हुआ है और यह हालत है तो हम सबको सोचना चाहिए और आगे बढ़कर के कुछ नया करना चाहिए। इस मौके पर देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर केसरीपुरा, चौमुखा भेरुजी महाराज के भगत बाबूलाल गुर्जर, विद्याधर भगत, मनोहर गुर्जर, भगत योगेश गुर्जर मौजूद रहे।

## सर्दी से बचाव रेलवे स्टेशन पर 100 रजाइयों का वितरण


जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के श्री लोकरंजन परिषद की ओर से भामाशाहों के सहयोग से मंगलवार रात्रि को रेलवे स्टेशन परिसर में असहाय व जरूरतमंद परिवारों के लिए रजाई वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा कार्य के अंतर्गत दिल्ली प्रवासी एवं सीए दिलीप सोनगरा के सहयोग से कुल 100 रजाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ठंड से जूझ रहे गरीब, बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों को रजाइयां प्रदान कर उन्हें राहत पहुंचाई गई। लोकरंजन परिषद के उपाध्यक्ष शोभाकांत स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि परिषद की ओर से हर वर्ष कड़ाके की ठंड के मौसम में भामाशाहों के सहयोग से इस प्रकार के सेवा कार्य नियमित रूप से किए जाते हैं ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड के कारण पीड़ित न हो। उन्होंने बताया कि इस साल 1100 रजाइयों का वितरण लोकरंजन परिषद् की ओर से किया जा चुका है। संस्था की ओर से गर्मियों के मौसम में नि:शुल्क ठंडे पानी की व्यवस्था और मरीजों के लिए हर समय ऑक्सीजन के सिलेंडर संस्था में उपलब्ध रहते हैं। उन्होंने भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सक्षम वर्ग का इस तरह आगे आकर सहयोग करना मानवता की सच्ची मिसाल है। परिषद का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है और भविष्य में भी ऐसे जन कल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे। रजाई वितरण कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही और जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत व संतोष देखने को मिला। कार्यक्रम में शंभुदयाल पारीक, शंकर प्रेमाणी, रामलाल सुथार, अभिषेक पारीक, ओमप्रकाश तिवाड़ी, गजानंद पांडिया सहित संस्था के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## मनीषा मोर्य को सावित्रीबाई फुले अवार्ड मिलने पर जताई खुशी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** जयपुर में सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर आयोजित एक सम्मान समारोह में मण्डावा निवासी मनीषा मोर्य पुत्री श्रवण कुमार मोर्य को 'सावित्रीबाई फुले 2026 अवार्ड' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनके सामाजिक सरोकार, संघर्ष और साहित्यिक योगदान के लिए प्रदान किया गया। मनीषा मोर्य को यह पुरस्कार मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। सूर्यप्रकाश लाहोरा, राजेन्द्र सनोदिया, संदीप शर्मा, ओम प्रकाश और संदीप सहित कस्बे के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मनीषा मौर्य ने लोगों का आभार जताते हुए कहा की सावित्रीबाई फुले के आदर्शों पर चलने और सामाजिक बदलाव लाने के संकल्प को दोहराया।



## नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आगाज

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन शुरू हुआ। एन एच 11 पर श्रीदास बालाजी मंदिर में मलमास के पवित्र माह में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन पं सुधांशु पारीक ने यजमान डालचन्द पुत्र जोराराम सैनी ने सपत्नीक व्यासपीठ की। कथा के तीसरे दिन व्यास पीठ पर विराजमान तुलसीराम पाण्डे ने श्रीराम के विवाह,शिव धनुष की महिमा का वर्णन किया। व्यासपीठ से तुलसीराम पाण्डे ने कहा कलयुग केवल नाम आधारा सुमिरन सुमिर नर उतरो पारा कलयुग में सिर्फ राम का नाम ही भवसागर से पार कर सकता है। महाराज श्री ने कहा हनुमान को अजय अमर का वरदान है व अष्ट सिद्धि नव निधी का वरदान है जिससे हनुमान जी के भक्त पर कलयुग का प्रभाव नहीं होता। हनुमान को प्रसन्न करने का सबसे सरल मंत्र राम नाम का जाप है। जहां राम की कथा होती है वहां हनुमानजी विराजमान होते हैं। कथा के पहले दिन शिव विवाह की सप्रसंग व्याख्या की गई।कार्यक्रम के बारे में जौराराम माली ने रामकथा के आज राम विवाह प्रसंग में शिवरत्न गौड़ के घर से भगवान राम की गाजे बाजे के साथ बारात निकाली जो कथा स्थल पहुंची।

# जिला कलक्टर ने बैठक में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग की फ्लैगशिप योजनाओं एवं महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा

### फ्लैगशिप योजनाओं में लक्ष्यानुसार एवं जल संचय जन भागीदारी अभियान में कार्ययोजना अनुसार प्रगति अर्जित करने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग की फ्लैगशिप योजनाओं एवं महत्वपूर्ण कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा राज्य में कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान में तीसरी रैंक एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत आईएचएचएल में 5वीं रैंक प्राप्त करने पर सराहना की। जिला कलक्टर ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि बजट घोषणाओं एवं अन्य कार्यों का क्रियान्वयन गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा पूर्ण करावें, साथ ही फ्लैगशिप योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत प्रगति की समीक्षा करते हुए 1126 पूर्ण कार्यों के अतिरिक्त लंबित कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत आईएचएचएल के 3012 पूर्ण कार्यों के अलावा लंबित कार्यों एवं सीएससी के कार्यों को लक्ष्यानुसार पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बजट घोषणा 2025-26 के तहत अटल ज्ञान केंद्र के लिए लंबित स्वीकृतियां जारी करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने स्वामित्व योजना में प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि 5476 वितरित प्रॉपर्टी कार्ड के अतिरिक्त वितरण से शेष प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में प्रगति की पंचायत समितिवार समीक्षा कर 26 जनवरी तक और 1300 आवासों का कार्य पूर्ण कराने एवं पं दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम योजना के तहत सर्व शत प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जल स्वालंबन अभियान 2.0 के प्रथम चरण के तहत लक्ष्यित 3949 कार्यों के विरुद्ध 3690 कार्य पूर्ण होने पर संतोष व्यक्त करते हुए जनवरी के अंत तक समस्त कार्यों को पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया।

### जल संचय जन भागीदारी अभियान की कार्ययोजना की कि समीक्षा

जिला कलक्टर ने कहा कि जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) अभियान समग्र सरकार और समग्र समाज के दृष्टिकोण से जल प्रबंधन सहभागिता और सतत जल प्रशासन को बढ़ावा देता है। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान के माध्यम से कम्युनिटी की सहभागिता से अप्रैल माह तक अधिकतम वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण कार्यों को गुणवत्तायुक्त पूर्ण किया जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य योजना अनुसार जिले में कुल 23052 वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण किया जाए, जिनमें 5300 मैजिक पिट, 584 विद्यालयों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण, 584 अन्य सरकारी भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण, 2120 रिचार्ज सॉफ्ट, 1060 जोहड एवं अन्य जल ग्रहण संरचना निर्माण, 10600 सोक पिट एवं एमजेएसए 2.0 के द्वितीय चरण के तहत 2804 वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्मित की जावें। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र, डीएफओ अलवर राजेंद्र हुड्डा, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता रमेश सैनी, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पीसी मीणा सहित समस्त विकास अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पैन इंडिया पर्यावरणीय विधिक साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण के लिए शिविर आयोजित

### पर्यावरण संरक्षण हेतु इलेक्ट्रिक वाहनों एवं सौर ऊर्जा में बढ़ोतरी की जा सकती है: मुस्तफा खान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर अनंत भंडारी जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी के आदेश पर 7 जनवरी, रविवार को पैन इंडिया पर्यावरणीय विधिक साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण पहल के सम्बन्ध में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैमांला अलवर में पी एल वी मुस्तफा खान के द्वारा विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। मुस्तफा खान ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा शीतकालीन महीनों के दौरान बढ़ते पर्यावरणीय प्रदूषण, वायुगुणवत्ता में हो रही गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए Protect Today, Secure Tommorow, पैन इंडिया पर्यावरणीय विधिक साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण पहल का शुभारंभ किया गया है। उक्त पहल का उद्देश्य पर्यावरणीय विधिक साक्षरता को सुदृढ़ करना, सरल एवं किफायती निवारक उपायों को प्रोत्साहित करना, तथा समुदायों विशेषकर कमजोर वर्गो को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध वैधानिक शिकायत निवारण तंत्रों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त मुस्तफा खान ने बताया कि भारत में पर्यावरण संरक्षण एक महत्वपूर्ण विषय है, और सरकार इसके लिए कई कदम उठा रही है। पर्यावरण संरक्षण के लिए कुछ प्रमुख पहल हैं। जिसमें नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम : इस कार्यक्रम का उद्देश्य 2025-26 तक वायु प्रदूषण में 40' की कमी लाना है। मिशन लाइफ : यह पहल लोगों को पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। मैंग्रोव इनिशिएटिव फॉर शोरलाइन हैबिटैट्स एंड टेंजिबल इनकम्स (MISHTI) : यह पहल मैंग्रोव वनों के संरक्षण और पुनर्स्थापन पर केंद्रित है। नेशनल अफ्फोरेस्टेशन एंड इको-डेवलपमेंट बोर्ड (NAEB) यह बोर्ड वनरोपण और पारिस्थितिक विकास के लिए काम करता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए कुछ अन्य कदम हैं: सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना - वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण, प्लास्टिक कचरे को कम करना और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना, वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा देना, इन कदमों से हम अपने पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं और भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त मुस्तफा खान ने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थी व स्टाफ उपस्थित रहे।

## फैशन एण्ड मॉडलिंग शो 11को

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर फैशन क्लब, अलवर द्वारा आगामी 11 जनवरी, रविवार को आर.जी. बिल्खा होटल एण्ड़ रिसोर्ट, कटीघाटी अलवर पर फैशन एण्ड मॉडलिंग शो दोपहर 12 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजक ध्रुव जायसवाल व उदय यादव ने बताया कि अलवर फैशन क्लब पूर्व में मॉडलिंग कास्टिंग वर्कशॉप और ऑडिशन का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने भारी संख्या में भाग लिया। इसी कार्यक्रम के तहत अलवर फैशन क्लब द्वारा 11 जनवरी, रविवार को फैशन एण्ड मॉडलिंग शो आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रदेशभर से सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागी भाग लेंगे। इस फैशन मॉडलिंग शो के निर्णायक मण्डल में रोहित सिंह ( रोडीज से ), उज्ज्वल ( मिस्टर उत्तर प्रदेश 2019) रहेंगे तथा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मिस्टर एण्ड मिसेज राईजिंग स्टार ऑफ अलवर का टेग प्रदान किया जायेगा। अलवर फैशन क्लब के प्रबन्धक हेमन्त शर्मा व दिव्याशुं ने बताया कि इस फैशन एण्ड मॉडलिंग शो आयोजन से अलवर शहर के युवाओं को मॉडलिंग के क्षेत्र में अपना केरियर बनाने का प्लेटफार्म मिलेगा और युवाओं में इस प्रकार के आयोजन में भाग लेने का उत्साह बना रहे।

### शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान

## कृषि उपज मंडी में कार्रवाई, 3 खाद्य तेलों के नमूने लिए, 1200 किलो तेल जब्त

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर, जिला कलेक्टर अलवर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉ. योगेन्द्र शर्मा के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत बुधवार को कृषि उपज मंडी में सख्त कार्रवाई की गई। आयुक्तालय से प्राप्त निर्देशानुसार कृषि उपज मंडी स्थित मोहनलाल एंड सन से तीन खाद्य तेलों के नमूने जांच हेतु लिए गए तथा विभिन्न ब्रांड के मूंगफली एवं सरसों के लगभग 1200 किलोग्राम तेल को जब्त किया गया। लिए गए नमूनों को प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसी दौरान जानकारी दी गई कि जनवरी एवं फरवरी 2026 में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर टी. शुमंगला के निर्देशानुसार जिले में 31 स्थानों पर खाद्य लाइसेंस शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से मिल्क वेंडर, खाद्य पदार्थ परिवहनकर्ता, शराब विक्रेता सहित समस्त खाद्य कारोबारियों के लाइसेंस बनाए जाएंगे। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि शिविरों के पश्चात यदि कोई भी खाद्य कारोबारी बिना लाइसेंस या पंजीकरण के खाद्य व्यवसाय करते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध एफएसएसए अधिनियम 2006 के तहत 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। उक्त कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी जय सिंह यादव, अशोक लखेरा एवं विश्व बंधु गुप्ता उपस्थित रहे।

## एनएसएस विशेष शिविर के पाँचवें दिन स्वच्छता, पर्यावरण व सड़क सुरक्षा पर जागरूकता

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** श्रीसाँवरलाल सुशीला देवी सुथार राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पाँचवें दिन बुधवार को गोद लिए गए गाँव दूंकर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा व चाइनीज मांझे के बहिष्कार की थीम पर कार्यक्रम का आयोजन उत्साह, सहभागिता व सामाजिक चेतना के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि रूपाराम भामु, बुद्धमल व प्रधानाचार्या अंबिका चौधरी की ओर से स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सी. पी. सिगड ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रशासक ज्ञानू देवी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने सड़क सुरक्षा जागरूकता पर प्रकाश डालते हुए हेलमेट, सीट बेल्ट के उपयोग व यातायात नियमों के पालन का आह्वान किया। सहायक आचार्य पवन जांगिड़ ने चाइनीज मांझे के उपयोग से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों पर उदाहरणों सहित प्रकाश डालते हुए इसके पूर्ण बहिष्कार की अपील की। गोपीकृष्ण निमीवाल ने स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण को दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया। प्रधानाचार्या अंबिका चौधरी ने राष्ट्रीय सेवा योजना का परिचय देते हुए राष्ट्र निर्माण में इसके योगदान को प्रेरक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन गोपीचंद जांगिड़ की ओर से किया गया। यह आयोजन गांववासियों व विद्यार्थियों के लिए जागरूकता, सहभागिता और सामाजिक संकल्प का सशक्त मंच सिद्ध हुआ। इस अवसर पर रितु कुंवर, राहुल पिलानिया, नौरंगमल सहित राजकीय विद्यालय का स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वन राज्य मंत्री शर्मा ने अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत आयोजित अलवर शहर विधानसभा कम्युनिटी क्रिकेट प्रतियोगिता फाइनल मुकाबले में की शिरकत

### खेलों कल्चर को बढावा देने व खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान करने के लिए किए जा रहे हैं सार्थक प्रयास - वन राज्यमंत्री शर्मा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने बुधवार को राजऋषि महाविद्यालय के खेल मैदान में अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 के तहत आयोजित अलवर शहर विधानसभा कम्युनिटी क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में शिरकत कर खिलाडियों का उत्साहर्वधन किया तथा विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर व खिलाडियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान खिलाडियों को सरस डेयरी का कलाकंद भेंट किया गया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने मैच देखकर खिलाडियों की हौसला-अफजाई करते हुए टीम भावना के साथ खिलाडियों को खेल में अच्छा प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने केंद्रीय वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव द्वारा खेल प्रतिभाओं को निखारने एवं उनको आगे बढाने के लिए अलवर सांसद खेल उत्सव के माध्यम से खेल का बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने पर उनको साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया के संकल्प को साकार करने हेतु आयोजित अलवर सांसद खेल उत्सव खिलाडियों को खेल मंच प्रदान करने के साथ उन्हें आगे बढाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत अलवर लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में कम्युनिटी खेलों का 14 दिसम्बर से आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में खिलाडी बढचढकर उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने कहा कि अलवर शहर विधानसभा कम्युनिटी क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत 65 टीमों के खिलाडियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अलवर सांसद खेल उत्सव के खिलाडी देश में नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा लोकसभा क्षेत्र अलवर के खिलाडियों को खेल मंच प्रदान करने के साथ-साथ खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान की जा रही है, जिसमें 8 करोड़ रूपये की राशि से नवीन स्कूल में एस्ट्रॉटफ, इंदिरा गांधी स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रेक के साथ-साथ खैरथल में बेटियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की हॉकी अकादमी व शाहजहांपुर में भी हॉकी अकादमी बनाई जाएगी।

### कम्युनिटी मैच के फाइनल मुकाबले में खिलाडियों ने दिखाया दमखम

अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 के तहत आयोजित अलवर शहर विधानसभा कम्युनिटी क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला द स्टाइकर्स (विवेकानन्द मंडल) टीम एवं फूटी खेल (माधव मंडल) टीम के बीच खेला गया, जिसमें द स्टाइकर्स टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 रनों जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबले के अंत में वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने विजेता खिलाडियों को ट्रॉफी प्रदान कर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, संजय नरूका, महेश निहालवानी, रजनीश जैमन, सागर यादव, सतीश यादव, जितेन्द्र राठौड, जितेन्द्र सैनी, पं. जलेसिंह, प्रकाश अडिचवाल, राजेन्द्र कसाना, शशांक झालानी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, बडी संख्या में खिलाडी एवं आमजन मौजूद रहे।

# वीपी सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्यो और ईमानदार छवि का मिला बड़ा तोहफा, भजनलाल शर्मा ने जताया भरोसा

## राजस्थान विद्युत विनयामक आयोग के सदस्य पद पर मिली बड़ी जिम्मेदारी



### मुख्यमंत्री के विश्वास पर खरा उतरने को तैयार वीपी सिंह

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत हुए वीपी सिंह के लंबी सरकारी नौकरी के दौरान उनकी ओर से विभिन्न विभागों में किए गए उत्कृष्ट कार्यो और उनकी ईमानदारी से प्रभावित होकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन्हें राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्ति देकर ऊर्जा विभाग को नई दिशा और गति देने का एक अच्छा निर्णय लिया है। शासन सचिवालय के गलियारों में ही नहीं बल्कि राजनीतिक गलियारों में भी वीपी सिंह की नियुक्ति को काफी अच्छा बताया जा रहा है वजह यह है की वीपी सिंह को लंबा प्रशासनिक अनुभव है और अपनी लंबी सरकारी नौकरी में उन्होंने कई विभागों में उत्कृष्ट कार्य किया और इन पर कभी भी किसी भी तरह का कोई गलत आरोप किसी ने नहीं लगाया इनकी गिनती भारतीय प्रशासनिक सेवा के अनुभवी, कर्मठ, समर्पित और ईमानदार अधिकारियों में होती थी। इसीलिए प्रदेश में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रही हो वीपी सिंह को हमेशा जनता से सीधे जुड़े विभागों में काम करने का अवसर दिया गया जिस पर इन्होंने अपनी नियुक्ति को सार्थक करके भी दिखाया। इसीलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इन के सेवानिवृत होने के बाद भी उनके अनुभव और इन की ईमानदारी का लाभ उठाने के लिए राजस्थान विद्युत विनयामक आयोग के सदस्य के रूप में बड़ी नियुक्ति देने का निर्णय लिया। अब देखने वाली बात यह है कि जिस तन्मयता और समर्पित भाव से विजयपाल सिंह ने अपनी लंबी सरकारी नौकरी के दायित्व को निभाया । आगे भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ही नहीं बल्कि प्रदेश की जनता को भी काफी उम्मीद है क्योंकि ऊर्जा विभाग प्रदेश की जनता और कृषक वर्ग से सीधा जुड़ा हुआ है और ऊर्जा विभाग के तहत जितने भी निर्णय नवाचार और योजनाएं तैयार की जाती है वह राजस्थान विद्युत विनयामक आयोग के अप्रूवल से ही मंजूर होती है। इसलिए देखा जाए तो यह जिम्मेदारी विजयपाल सिंह के लिए अग्नि परीक्षा के समान है क्योंकि एक तरफ जहां प्रदेश में बिजली की दरों के निर्धारित करने में आयोग को प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं और कृषक उपभोक्ताओं का पूरा ध्यान रखना होगा तो दूसरी तरफ बिजली कंपनियों की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करना भी उनकी बड़ी जिम्मेदारी होगी। इसलिए आयोग के सामने कई बड़ी-बड़ी चुनौतियां और विकट परिस्थितियों जरूर बड़े विषयों और निर्णय को लेकर आएगी लेकिन विजय पाल सिंह के पास लंबा प्रशासनिक अनुभव है और एक उत्कृष्ट कोटि के अधिकारी रहे हैं इसलिए इन सभी कठिन परिस्थितियों और चुनौतियां का सामना करने में भी विजयपाल सिंह काफी सक्षम है इसलिए सभी को उम्मीद है कि विजयपाल सिंह अपनी इस नई जिम्मेदारी और दायित्व को न केवल शानदार तरीके से निभाएंगे बल्कि सभी वर्गों के लोगों के हितों का ध्यान रखते हुए बिजली कंपनियों को भी मजबूती और नई ताकत देंगे ।

### प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को गति और नई दिशा देने में विजयपाल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही

अपनी सरकारी सर्विस के अंतिम सालों में विजयपाल सिंह राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पद पर रहे, राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड में विजयपाल सिंह के कार्यकाल को पर्यटन जगत से जुड़े लोग काफी ऐतिहासिक मानते हैं क्योंकि राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड जो पहले देश और विदेश के पर्यटकों में अपनी लोकप्रियता खो चुका था, इस खोई हुई लोकप्रियता को विजयपाल सिंह ने अपने अनुभव और अपने नवाचार से पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को वापस दिलाई जो पर्यटक पहले पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के होटल में ठहरने से पीछे हट रहे थे, वो पर्यटक फिर से पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के होटल में ठहरने लगे, जिसकी वजह से पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की आर्थिक स्थिति काफी मजबूत हुई इससे पहले पर्यटन विकास निगम लिमिटेड आर्थिक रूप से पूरी तरह से कमजोर हो चुका था जिसकी वजह से इस विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन देने के भी लाले पड़े हुए थे। एक तरफ करीब 20 साल से राज्य सरकार पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को बजट नहीं दे रही थी तो दूसरी तरफ पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के तहत जितने भी होटल और इनकम के अन्य साधन थे वे पूरी तरह से विफल साबित हो रहे थे जिसकी वजह से यह विभाग पूरी तरह से कंगाल हो चुका था । लेकिन विजयपाल सिंह ने यहां अपनी नियुक्ति के पहले दिन से ही अपने अनुभव अपने नए फैसलों और नवाचारों से राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेडके विभिन्न होटल और इनकम के विभिन्न स्रोतों और साधनों का कुशल प्रबंधन किया। कई तरह के नवाचार और कई तरह के विभाग में नए-नए फैसले लिए और विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में भी नया जोश और उत्साह का संचार किया जिसकी वजह से राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के होटल देश और विदेश के पर्यटकों से फिर से गुलजार होने लगे और राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के आर्थिक हालातो में भी तेजी से सुधार हुआ। विजयपाल सिंह के यहां नियुक्त होने से विभाग में एक खुशनुमा और ऊर्जावान माहौल बन गया था जिसकी वजह से अधिकारियों और कर्मचारियों में जो आर्थिक तंगी की वजह से निराशा का भाव बना हुआ था वह भाव खत्म हुआ और राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड ने एक बार फिर से शानदार तरीके से करवट बदलते हुए प्रदेश के पर्यटन विभाग को गति देने में अपनी अच्छी भूमिका निभाने शुरू किया इसलिए विजयपाल सिंह के कार्यकाल को आज भी यहां तैनात अधिकारी और कर्मचारी काफी अच्छा और श्रेष्ठ बताते हैं इतना ही नहीं पर्यटन जगत से जुड़े लोग भी पर्यटन विजयपाल सिंह को आज भी खूब याद करते

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उम्मीद पर खरा उतरना वीपी सिंह के लिए बड़ी चुनौती

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व के और वर्तमान के अधिकारियों को चुन चुन कर महत्वपूर्ण जगह पर नियुक्ति दे रहे हैं भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बनने से पहले लंबे समय तक प्रदेश भाजपा के कार्यालय में बड़े पद पर तैनात रहे इसलिए चाहे प्रदेश में भाजपा की सरकार रही हो या फिर कांग्रेस पार्टी की मुख्यमंत्री शर्मा ब्यूरोक्रेसी के अधिकारियों की कार्यशैली और व्यवहार पर पिछले कई सालों से अपने स्तर पर कड़ी नजर रख रहे थे मुख्यमंत्री शर्मा की खासियत यह है कि मुख्यमंत्री बनने से पहले ही उन्हें राजस्थान के कई अधिकारियों की कुंडली को छान लिया था अब उनकी निगाहों में जो अधिकारी ईमानदार समर्पित और ड्यूटी के प्रति कर्मठ रहे उन अधिकारियों को अच्छी जगह पर नियुक्त करके उनके अनुभव और उनकी ईमानदारी का फायदा प्रदेश के लोगों और प्रदेश सरकार को दिलाने का प्रयास कर रहे हैं जो अधिकारी सेवानिवृत हो गए हैं उन्हें भी वापस महत्वपूर्ण जगहों आयोग बोर्ड इत्यादि में नियुक्ति देकर उनके अनुभव का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं इसी क्रम में विजयपाल सिंह भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निगाहों में पहले से ही एक कर्मठ और ईमानदार अधिकारी के रूप में छा गए थे यही वजह है कि बड़ी उम्मीद और भरोसे के साथ मुख्यमंत्री शर्मा ने विजयपालसिंह को उनके रिटायरमेंट के बाद भी महत्वपूर्ण पद पर बिठाया है इसलिए अब देखने वाली बात यह है कि विजयपाल सिंह मुख्यमंत्री के भरोसे को बरकरार रख पाते हैं या नहीं हालांकि उम्मीद सभी को यही है कि जिस तरह से विजयपाल सिंह ने अपनी लंबी सरकारी नौकरी में अपने कार्यों और अपने निर्णय को लेकर विवादित नहीं रहे और सभी को अपने कार्यों से खुश रखा तो निश्चित रूप से यह नई जिम्मेदारी भी वे शानदार तरीके से निभाएंगे

### कठिन और विपरीत परिस्थितियों में मिली है बड़ी जिम्मेदारी

हालांकि पिछले 2 साल में प्रदेश में भजनलाल सरकार के कार्यकाल में ऊर्जा के क्षेत्र में शानदार कार्य हुआ है बिजली विभाग में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है बिजली के उत्पादन में भी बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश का किसान भी सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बिजली का उत्पादन करने लगा है लेकिन यह भी जग जाए है कि प्रदेश की बिजली कंपनियां हजारों करोड रुपए के आर्थिक घाटे से संचालित हो रही है और यह स्थिति अब से नहीं बल्कि पिछले कई सालों से है जब बिजली कंपनियों के घाटे में हर साल बढ़ोतरी होती रहती है क्योंकि राजस्थान सरकार अब से नहीं बल्कि कई सालों से अधिक दर पर बिजली खरीद कर प्रदेश के उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए बहुत ही कम दर पर बिजली उपलब्ध करवाती है पिछली गहलोत सरकार ने प्रदेश के लोगों को खुश करने के लिए ऊर्जा विभाग में भी कई तरह की फ्री सुविधा उपलब्ध करवाई जिसकी वजह से बिजली कंपनियों के नुकसान में जबरदस्त तरीके से बढ़ोतरी हुई इसलिए प्रदेश की बिजली कंपनियों की आर्थिक स्थिति को सुधारना प्रदेश सरकार के लिए हमेशा बड़ी चुनौती बनी रही हालांकि पिछले दो साल में



भजनलाल सरकार के कार्यकाल के दौरान ऊर्जा विभाग में अच्छे बदलाव हुए हैं ।बिजली की दर निर्धारित करने के लिए प्रदेश सरकार के लिए प्रदेश के लोगों, व्यापारियों उद्योगपतियों और कृषक सभी के हितों का ध्यान रखना भी जरूरी होता है इसलिए इस कार्य में आयोग से जुड़े लोगों को काफी सावधानी पूर्वक निर्णय लेना पड़ता है क्योंकि सरकार चाहे बीजेपी की हो या फिर कांग्रेस की कोई भी सरकार अपने राजनीतिक हित को भी जरूर ध्यान में रखती है इसलिए बिजली दर को लेकर सरकार बिजली उपभोक्ताओं की नाराजगी झेलना भी नहीं चाहेगी तो दूसरी तरफ आयोग को बिजली कंपनियों के आर्थिक अस्तित्व का भी ध्यान में रखना होगा। इसके अलावा प्रदेश में आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में नए उद्योगों की स्थापना भी होने वाली है क्योंकि भजनलाल सरकार ने राइजिंग राजस्थान में जो समझौते किए थे उन समझौते की क्रियान्वयन की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है इसी तरह से प्रवासी राजस्थानी भी यहां विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में इन्वेस्ट कर रहे हैं । इसलिए आने वाले दिनों में बिजली की डिमांड में जबरदस्त तरीके से बढ़ोतरी होगी हालांकि भजनलाल सरकार बिजली उत्पादन में भी तेजी से कार्य कर रही है फिर भी ऊर्जा विभाग एक ऐसा डिपार्टमेंट है जिसको संभालना बड़े से बड़े कुशल और अनुभवी व्यक्ति के लिए भी टेढ़ी खीर बन जाता है इसलिए विजयपाल सिंह जो अब इस महत्वपूर्ण आयोग में महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त हुए हैं कह सकते हैं कि उन्हें फूलों का मुकुट नहीं बल्कि उन्हें कांटों का ताज मिला है।

### प्रदेश में कई महत्वपूर्ण जनता से जुड़े विभागों में रहे हैं पोस्टेड

विजय पाल सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा से कुछ महीने पहले ही सेवानिवृत्ति हुए हैं। इसलिए इतनी लंबी हाई प्रोफाइल सरकारी नौकरी के दौरान इन्होंने विभिन्न विभागों में प्रदेश भर में बड़े पदों पर कार्य करते हुए न केवल सरकारों को अपने उत्कृष्ट कार्यो से प्रभावित किया बल्कि प्रदेश में जहां-जहां और जिस जिस डिपार्टमेंट में रहे वहां के लोगों में भी अपने कार्यों से प्रशंसा के पात्र बने विजयपाल सिंह ने अपनी नौकरी में जयपुर में भी काफी लंबा समय बिताया। विजयपाल सिंह रिटायर होने से पहले राजस्थान पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक रहे जयपुर नगर निगम में कार्यकारी अधिकारी रहे जयपुर विकास प्राधिकरण, माइंस विभाग में बड़े पदों पर कार्य किया। इसके अलावा डेप्युटी इंस्पेक्टर जनरल आफ स्टंप्स पद पर भी नियुक्त रहे,भारतीय खाद्य और वितरणनिगम में मैनेजर पद पर कार्य किया। इसके अलावा जयपुर जिला परिषद में कार्यकारी अधिकारी जयपुर प्रथम और जयपुर द्वितीय में अतिरिक्त कलेक्टर पद पर भी नियुक्त रहे इसके अलावा श्री हनुमानगढ़ के भादरा में ए.सी. ई. एम. नोहर में सब डिविजनल ऑफीसर रहे अपनी सर्विस के शुरुआती दिनों में करौली में विकास अधिकारी पद पर भी कार्य किया इसके अलावा कई अन्य विभागों में इन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई बड़ी बात यह है कि इन्होंने जहां भी और जिस भी पद पर कार्य किया वहां ईमानदारी से जनता के हितों के लिए कार्य किया जिसकी वजह से प्रदेश में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रही हो इनके कार्यों से और इनकी ओर से किए गए नवाचार से राज्य सरकार से जुड़े लोग खुश और प्रभावित रहे ।

### बेदाग छवि और चुपचाप ईमानदारी और समर्पित भाव से काम करने वाले अधिकारी के रूप में माने जाते हैं विजयपाल सिंह

अपनी लंबी हाई प्रोफाइल सरकारी नौकरी में कभी भी किसी भी तरह का कोई गलत आरोप विजयपाल सिंह पर नहीं लगा। जहां भी और जिस भी विभाग में पोस्टेड रहे वहां ईमानदारी और समर्पित भाव से कार्य किया । जयपुर जिला परिषद जयपुर, जिलाधीश कार्यालय नोहर, भादरा और अन्य कई जगहों पर जनता से सीधे जुड़े विभागों में जनता के लिए जारी की गई सरकारी योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करवाया। समाज में अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए उन्होंने अपने स्तर पर खुद कड़ी निगरानी रखी । ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब मजदूर वंचित और कृषक वर्ग को राहत पहुंचाने के लिए इन्होंने अपने स्तर पर कई तरह के नवाचार और कई तरह के फैसले लिए जिसकी वजह से भादरा नोहर और कई अन्य जिलों के लोग अब भी विजयपाल सिंह को उनके अच्छे कार्यों के लिए याद करते हैं इनकी सबसे बड़ी खासियत यही है कि बहुत ही सहज सरल सौम्य अनुशासित और ईमानदार हैं चुपचाप अपना कार्य करने में ज्यादा विश्वास करते हैं सरकारी योजनाओं से जारी होने वाले बजट के एक-एक पैसे का समुचित उपयोग हो इस पर इनका पूरा फोकस रहा है इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी इनके कार्यशैली और व्यवहार ईमानदारी से पहले से परिचित थे इसीलिए इन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी उन्होंने दी ।

### जयपुर नगर निगम और में भी बेहद शानदार कार्यकाल रहा विजयपाल सिंह का

जयपुर नगर निगम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी पद पर रहने के दौरान विजयपाल सिंह का कामकाज काफी अच्छा रहा। सिंह ने नगर निगम में भी कई तरह के नवाचार और कड़े फैसले किए थे जिसकी वजह से एक तरफ जहां नगर निगम की आर्थिक स्थिति में तेजी से सुधार हुआ तो दूसरी तरफ शहर की सफाई रोड लाइटिंग सीवरेज इत्यादि व्यवस्थाओं के सुधार में अच्छे प्रयास किए थे विजयपाल सिंह के कामकाज से कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के पार्षद भी काफी संतुष्ट और प्रभावित रहे तो दूसरी तरफ निगम के राजस्व में बढ़ोतरी होने की वजह से प्रदेश सरकार भी निगम के कामकाज से खुश और संतुष्ट संतुष्ट नजर आई जानकार लोगों का कहना है कि जयपुर नगर निगम में भी कार्यकारी अधिकारी पद पर तैनात रहना शुरू से ही कुशल से कुशल अधिकारी के लिए बड़ी चुनौती रही है क्योंकि जयपुर निगम के हालात भी कभी भी आर्थिक दृष्टि से ठीक नहीं रहे लेकिन विजयपाल सिंह ने एक तरफ जहां नगर निगम के बजट को प्रदेश के सभी वार्डन के विकास कार्यों में बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करवाने में वार्ड पार्षद और महापौर के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य किया जिसका सीधा फायदा शहर के लोगों को मिला इसलिए शहर के लोग और तत्कालीन पार्षद विजयपाल सिंह के कार्यकाल को आज भी याद करते हैं ।

## जिस पंचायती राज ने पहचान दी 'जी राम जी' के जरिए उसी का गला घोंटने के ब्रांड एंबेसडर बने मुख्यमंत्री : जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेस ब्रीफिंग पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जूली ने जी राम जी योजना के समर्थन को राजस्थान के ग्रामीण परिवेश और गरीब वर्ग की पीठ में छुरा घोंपने जैसा करार दिया है द्य मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए जूली ने कहा यह विडंबना है कि जिस पंचायती राज व्यवस्था से अपना राजनीतिक सफर शुरू करने वाले भजनलाल शर्मा से गांवों को उम्मीद थी वे आज ग्राम सभाओं के अधिकारों का गला घोंटने वाली योजना के ब्रांड एंबेसडर बन गए हैं। जिस व्यवस्था ने उन्हें पहचान दी आज उसे ही कमजोर करने में वे केंद्र का सक्रिय हिस्सा बन रहे हैं। यह सिर्फ राजनीतिक अवसरवाद नहीं बल्कि ग्रामीण लोकतंत्र के साथ ऐतिहासिक विश्वासघात है। जूली ने कहा कि यह राजस्थान का दुर्भाग्य है कि मुख्यमंत्री स्वयं ग्रामीण परिवेश से होने के बावजूद दिल्ली के आलाकमान की भाषा बोल रहे हैं। वे राजस्थान के हितों की रक्षा करने के बजाय केवल दिल्ली के संदेशवाहक बनकर रह गए हैं। फंडिंग पैटर्न में बदलाव पर चिंता जताते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अब तक मनरेगा का खर्च केंद्र सरकार उठाती थी लेकिन अब इसे 60:40 के अनुपात में बांटकर राज्यों पर 40 प्रतिशत फंड का बोझ डालना तानाशाही है। इससे राजस्थान के विकास पर प्रतिकूल असर पड़ेगा और राज्य का खजाना



खाली होगा। यह सीधे तौर पर संघीय ढांचे को नष्ट करने की साजिश है। जूली ने स्पष्ट किया कि जी राम जीकेवल नाम बदलना नहीं बल्कि मनरेगा के मूल सिद्धांतों पर हमला है मनरेगा एक कानूनी जबकि नई योजना इसे केंद्र की मर्जी पर निर्भर बनाना चाहती है। जूली ने कहा कि मनरेगा ने गांवों में रोजगार देकर पलायन रोका और महिलाओं को आर्थिक संबल दिया। भाजपा को गांधी और मनरेगा दोनों खटकते हैं इसलिए इस हक को छीनने की साजिश रची गई है जूली ने सवाल किया कि क्या मुख्यमंत्री दिल्ली की कुर्सी बचाने के लिए प्रदेश के गरीब मजदूरों के हक की बलि चढ़ा देंगे? उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी नीति का सदन से लेकर सड़क तक कड़ा विरोध करेगी। अंत में मुख्यमंत्री को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा अब सरकार को दो साल होने आए हैं। मुख्यमंत्री को एकतरफा प्रेस ब्रीफिंग के बजाय हिम्मत दिखाकर खुली प्रेस कॉन्फ्रेंस करनी चाहिए और पत्रकारों के सवालों का सामना करना चाहिए।

## सिटी पैलेस में 'अलवर टाइगर मैराथन' के द्वितीय संस्करण का उद्घोष कार्यक्रम हुआ आयोजित

### अलवर टाइगर मैराथन के ब्राण्ड एंबेसडर अभिनेता रणदीप हुड्डा, केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की टाइगर मैराथन की जर्सी व मेडल का विमोचन किया

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में सिटी पैलेस में 8 फरवरी 2026 को आयोजित होने जा रही 'अलवर टाइगर मैराथन' के द्वितीय संस्करण का उद्घोष कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अलवर टाइगर मैराथन के ब्रांड एंबेसडर रणदीप हुड्डा ने शिरकत कर बाघ एवं वन संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान अलवर में खेल एवं पर्यटन को बढावा देने के उद्देश्य से राजस्थान पर्यटन विभाग एवं अलवर टाइगर मैराथन के आयोजक वी-शक्ति ट्रस्ट के मध्य तथा सिनर्जी स्टील एवं गौरी देवी कन्या




महाविद्यालय के मध्य इंडोर बैडमिंटन कोर्ट एवं एकेडमी के लिए एमओयू हुए। इस अवसर पर अलवर टाइगर मैराथन की जर्सी व मेडल तथा सरिस्का बाघ परियोजना के कलैण्डर का विमोचन किया गया। इस दौरान विश्व प्रसिद्ध फिल्मकार सुब्बैया नल्लामुथु के द्वारा निर्मित टाइगर एंथम गीत का प्रदर्शन किया गया तथा पैरा एथलीट मोइन खान ने अलवर टाइगर मैराथन के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री एवं सांसद भूपेन्द्र यादव की पहल पर आयोजित पहली मैराथन में ही तमाम व्यवस्थाएं बेहतरीन रही और दिव्यांग एथलीटों के लिए भी मैराथन आयोजित कर अलवर ने इतिहास रचा है। केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने बाबा भर्तृहरि को स्मरण करते हुए अलवर का प्रतिनिधित्व करने का अवसर देने पर जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अलवर टाइगर मैराथन टाइगर एवं प्रकृति के संरक्षण के साथ पर्यटन को बढावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि अलवर टाइगर मैराथन के दूसरे संस्करण को सभी अलवरवासियों व संस्थाओं की सहभागिता से अंतरराष्ट्रीय स्वरूप मिला है। उन्होंने कहा कि मैराथन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उभारने के लिए पर्यावरण एवं प्रकृति प्रेमी फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा को ब्राण्ड एंबेसडर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अलवर में पर्यटन के विकास हेतु बेहतर कनेक्टिविटी एवं प्रसिद्धि की दिशा में निरन्तर कार्य किया जा रहा है। इसी कडी में जिला प्रशासन को अलवर शहर को एनसीआर क्षेत्र का सबसे स्वच्छ शहर बनाने का दायित्व दिया गया था। इस दिशा में कार्य करते हुए अलवर को स्वच्छता में 364वें स्थान से 54वां स्थान मिला है। साथ ही वायु स्वच्छता सर्वेक्षण में देश के प्रमुख शहरों में तीसरा स्थान मिला है। इसे ओर आगे बढाने के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलवर में पर्यटन के विकास हेतु मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पूर्ण सहयोग एवं वन राज्य मंत्री संजय शर्मा के प्रयास सराहनीय रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलवर की सिलीसेढ झील को रामसर साइट का दर्जा मिलने से अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है इसे और आगे ले जाते हुए सरिस्का अभयारण्य क्षेत्र में स्थित दो अन्य झील मंगलासर एवं मानसरोवर झील को भी रामसर साइट का दर्जा दिलाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इस प्रकार सरिस्का टाइगर अभयारण्य तीन रामसर साइटों वाला अभयारण्य होगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन को आगे बढाने की दृष्टि से जिस प्रकार मत्स्य उत्सव का आयोजन होता है, उसी प्रकार टाइगर मैराथन भी राजस्थान के पर्यटन का हिस्सा बने, इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से आग्रह किया जाएगा। इसके फलस्वरूप आज राजस्थान पर्यटन विभाग एवं वी-शक्ति ट्रस्ट के मध्य एमओयू हुआ है। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि अलवर टाइगर मैराथन 2026 के तहत एनएमएच द्वारा 'हमारा जंगल, हमारा बाघ, हमारी जिम्मेदारी' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालयों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी शहर केवल सरकार के प्रयासों से आगे नहीं बढ सकता, वहां के आमजन की सजगता एवं उनका विश्वास ही उसे आगे बढाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि अलवर टाइगर मैराथन के 21 किमी के रास्ते में जुलाई माह में एक साथ 600 पेड लगाकर इसे सबसे स्वच्छ व हरे-भरे रास्ते के रूप में विकसित किया जाएगा।

## कहानी

# व्यापारी के पुत्र की कहानी

किसी नगर में सागर दत्त नाम का एक व्यापारी रहता था। उसके लड़के ने एक बार सौ रुपए में बिकने वाली एक पुस्तक खरीदी। उस पुस्तक में केवल एक श्लोक लिखा था - जो वस्तु जिसको मिलने वाली होती है, वह उसे अवश्य मिलती है। उस वस्तु की प्राप्ति को विधाता भी नहीं रोक सकता। अतएव मैं किसी वस्तु के विनष्ट हो जाने पर न दुखी होता हूं और न किसी वस्तु के अनायास मिल जाने पर आश्चर्य ही करता हूं। क्योंकि जो वस्तु दूसरों को मिलने वाली होगी, वह हमें नहीं मिल सकती और जो हमें मिलने वाली है, वह दूसरों को नहीं मिल सकती।

उस पुस्तक को देखकर सागर दत्त ने अपने पुत्र से पूछा - 'तुमने इस पुस्तक को कितने में खरीदा है ?' पुत्र ने उत्तर दिया- 'एक सौ रुपए में।' अपने पुत्र से पुस्तक का मूल्य जानकर सागर दत्त कुपित हो गया। वह क्रोध से बोला - 'अरे मूर्ख ! जब तुम लिखे हुए एक श्लोक को एक सौ रुपए में खरीदते हो तो तुम अपनी बुद्धि से क्या धन कमाओगे ? तुम जैसे मूर्ख को मैं अब अपने घर में नहीं रखूंगा।'

सागर दत्त का पुत्र अपमानित होकर घर से निकल पड़ा। वह एक नगर में पहुंचा। लोग जब उसका नाम पूछते तो वह अपना नाम प्राप्तव्य - अर्थ ही बतलाता। इस प्रकार वह 'प्राप्तव्य-अर्थ' के नाम से पहचाना जाने लगा। कुछ दिनों बाद नगर में एक उत्सव मनाया गया। नगर की राजकुमारी चंद्रावती अपनी सहेली के साथ उत्सव की शोभा देखने निकली। इस प्रकार जब वह नगर का भ्रमण कर रही थी तो किसी देश का राजकुमार उसकी दृष्टि में आ गया। वह उस पर मुग्ध हो गई और अपनी सहेली से बोली - 'सखि ! जिस प्रकार भी हो सके, इस राजकुमार से मेरा समागम कराने का प्रयास करो।'

राजकुमारी की सहेली तत्काल उस राजकुमार के पास पहुंची और उससे बोली - मुझे राजकुमारी चंद्रावती ने आपके पास भेजा है। उनका कहना है कि आपको देखकर उनकी दशा बहुत शोचनीय हो गई है। आप तुरंत उनके पास न गए तो मरने के अतिरिक्त उनके लिए अन्य कोई मार्ग नहीं रह जाएगा।' इस पर उस राजपुत्र ने कहा- 'यदि ऐसा है तो बताओ कि मैं उनके पास किस समय और किस प्रकार पहुंच सकता हूं ?'

राजकुमारी की सहेली बोली - 'रात्रि के समय उसके शयनकक्ष में चमड़े की एक मजबूत रस्सी लटकी हुई मिलेगी, आप उस पर चढ़कर राजकुमारी के कक्ष में पहुंच जाना। '

इतना बताकर राजकुमारी की सहेली तो वापस लौट गई, और राजकुमार रात्रि के आगमन की प्रतीक्षा करने लगा। किंतु रात हो जाने पर कुछ सोचकर उस राजपुत्र ने राजकुमारी के कक्ष में जाना एकाएक स्थगित कर दिया। संयोग की बात है कि व्यापारी पुत्र 'प्रातव्य - अर्थ उधर से ही निकल रहा था। उसने रस्सी लटकी देखी तो वह उस पर चढ़कर राजकुमारी के कक्ष में पहुंच गया। राजपुत्री ने भी उसको राजकुमार समझ उसका खूब स्वागत - सत्कार किया, उसको स्वादिष्ट भोजन खिलाया और अपनी शय्या पर उसे लिटाकर स्वयं भी लेट गई।

व्यापारीपुत्र के स्पर्श से रोमांचित होकर उस राजकुमारी ने कहा - 'मैं आपके दर्शनमात्र से ही अनुरक्त होकर आपको अपना हृदय दे बैठी हूं। अब आपको छोड़कर किसी और को पति रूप में वरण नहीं करूंगी।'

व्यापारीपुत्र कुछ नहीं बोला। वह शांत पड़ा रहा। इस पर राजकुमारी ने कहा -''आप मुझसे बोल क्यों नहीं रहे हैं, क्या बात है ?' तब व्यापारीपुत्र बोला - 'मनुष्य प्राप्तक वस्तु को प्राप्त कर ही लेता है।' यह सुनकर राजपुत्री को संदेह हो गया। उसने तत्काल उसे अपने शयनकक्ष से बाहर भगा दिया।

व्यापारीपुत्र वहां से निकलकर एक जीर्ण - शीर्ण मंदिर में विश्राम करने चला गया। संयोग की बात है कि नगररक्षक अपनी प्रेमिका से मिलने उसी मंदिर में आया हुआ था। उसे देखकर उसने पूछा - 'आप कौन हैं?' व्यापारीपुत्र बोला - 'मनुष्य अपने प्राप्तव्य अर्थ को ही प्राप्त करता है।' नगररक्षक बोला- 'यह तो निर्जन स्थान है। आप मेरे स्थान पर जाकर सो जाइए।' व्यापारीपुत्र ने उसकी बात को स्वीकार तो कर लिया, किंतु अर्द्धनिद्रित होने के कारण भूल से वह उस स्थान पर न जाकर किसी अन्य स्थान पर जा पहुंचा।

# भारतीय कूटनीति की परीक्षा का समय

भारत से पहले चीन ने भी गुटबाजी छोड़कर अपने सामरिक हितों की रक्षा करते हुए अमेरिका के साथ व्यापारिक साझेदारी की, जिसकी बदौलत आज वह अमेरिका को हर क्षेत्र में चुनौती देने की स्थिति में आ गया है। ट्रंप खुद चीन को जी-2 का दूसरा जी यानी दूसरी महाशक्ति मान चुके हैं। रूस को वे सामरिक महाशक्ति मानते हैं, लेकिन वह वैश्विक शक्ति संतुलन की तीसरी धुरी बनने की स्थिति में नहीं है। यूक्रेन युद्ध और आर्थिक प्रतिबंधों ने उसे चीन के खेमे में पहुंचा दिया है। यानी दुनिया एक बार फिर दो खेमों में बंटती दिख रही है, जबकि भारत बहुपक्षीय व्यवस्था चाहता है। ट्रंप के यूनेस्को, विश्व स्वास्थ्य संगठन और पेरिस जलवायु संधि जैसी वैश्विक संस्थाओं और संधियों से हाथ खींच लेने के कारण उभरती शक्तियों के लिए विश्व मंच पर कुछ जगह जरूर बनी है। हालांकि नियमबद्ध व्यवस्था का स्थान महाशक्तियों की मनमानी ने ले लिया है। अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति मादुरो को बंधक बनाना, ईरान और नाइजीरिया पर हवाई हमले और ताइवान को डराने के लिए चीन के सैनिक अभ्यास इसके ताजा उदाहरण हैं।
महाशक्तियों की मनमानी भारत के लिए चिंताजनक है। भारत चाहता जरूर है कि वैश्विक संस्थाएं अमेरिका और यूरोप के नियंत्रण से मुक्त हों
, पर नियमबद्धता की कीमत पर नहीं। वह चाहता है कि वैश्विक संस्थाओं में भारत, ब्राजील,



कहने को तो एक साल ही बदला है, पर डोनाल्ड ट्रंप ने जैसी उथल-पुथल मचाई है, उससे लगता है मानो एक युग बदल गया है। नए साल की शुरुआत में ही उन्होंने वेनेजुएला पर धावा बोल दिया। अमेरिका इस वर्ष अपनी स्थापना की 250वीं जयंती मनाएगा, लेकिन दुनिया के सबसे उदार, संतुलित और स्थिर लोकतंत्र के संस्थापकों ने क्या कभी सोचा होगा कि कोई राष्ट्रपति 250 वर्षों से स्थापित व्यवस्था को केवल एक साल के भीतर उलट-पलट देगा? अफ्रीकी मूल के फंक गायक जेम्स ब्राउन का मशहूर गीत है- इट्स मेंस वर्ल्ड (यह मर्दों की दुनिया है)। उसी तर्ज पर कहा जा सकता है कि यह ट्रंप की दुनिया है-खासकर भूराजनीति और अर्थनीति के मामले में।

ट्रंप की दुनिया में किसी स्थापित कूटनीतिक परंपरा और अंतरराष्ट्रीय कायदे-कानून की कोई गारंटी नहीं है। यह द्वितीय महायुद्ध के बाद बनी नियमबद्ध व्यवस्था वाली दुनिया से नितांत भिन्न है, जिसके आधार पर भारत की विदेश और व्यापार नीति टिकी है। जिस गुटबाजी से भारत को परहेज था, वह सोवियत संघ के विघटन से टूटी और दुनिया एकध्रुवीय बन गई। भारत ने गुटनिरपेक्षता की जगह हितसापेक्ष स्वायत्तता की नीति अपनाई और खेमेबाजी से दूर रहते हुए अपनी सामरिक एवं आर्थिक शक्ति के विकास के लिए अमेरिका का रणनीतिक और व्यापारिक साझेदार बन गया।

भारत से पहले चीन ने भी गुटबाजी छोड़कर अपने सामरिक हितों की रक्षा करते हुए अमेरिका के साथ व्यापारिक साझेदारी की, जिसकी बदौलत आज वह अमेरिका को हर क्षेत्र में चुनौती देने की स्थिति में आ गया है। ट्रंप खुद चीन को जी-2 का दूसरा जी यानी दूसरी महाशक्ति मान चुके हैं। रूस को वे सामरिक महाशक्ति मानते हैं, लेकिन वह वैश्विक शक्ति संतुलन की तीसरी धुरी बनने की स्थिति में नहीं है। यूक्रेन युद्ध और आर्थिक प्रतिबंधों ने उसे चीन के खेमे में पहुंचा दिया है। यानी दुनिया एक बार फिर दो खेमों में बंटती दिख रही है, जबकि भारत बहुपक्षीय व्यवस्था चाहता है। ट्रंप के यूनेस्को, विश्व स्वास्थ्य संगठन और पेरिस जलवायु संधि जैसी वैश्विक संस्थाओं और संधियों से हाथ खींच लेने के कारण उभरती शक्तियों के लिए विश्व मंच पर कुछ जगह जरूर बनी है। हालांकि नियमबद्ध व्यवस्था का स्थान महाशक्तियों की मनमानी ने ले लिया है। अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति मादुरो को बंधक बनाना, ईरान और नाइजीरिया पर हवाई हमले और ताइवान को डराने के लिए चीन के सैनिक अभ्यास इसके ताजा उदाहरण हैं।

महाशक्तियों की मनमानी भारत के लिए चिंताजनक है। भारत चाहता जरूर है कि वैश्विक संस्थाएं अमेरिका और यूरोप के नियंत्रण से मुक्त हों, पर नियमबद्धता की कीमत पर नहीं। वह चाहता है कि वैश्विक संस्थाओं में भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और जापान जैसी शक्तियों को भी आनुपातिक प्रतिनिधित्व मिले। महाशक्तियों की मनमानी वाली अव्यवस्था में यदि भारत को सुरक्षा परिषद और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में उचित स्थान मिल भी जाए तो उसकी व्यावहारिक उपादेयता क्या रह जाएगी? हकीकत यह है कि भारत को इसी व्यवस्था के भीतर अपनी विदेश नीति के कौशल से अपनी जगह बनानी है। इस साल उसे ब्रिक्स देशों की अध्यक्षता करनी है, जहां उसे दक्षिणी देशों का नेतृत्व करने का अवसर तो मिलेगा, मगर उसके लिए उसे चीन का सामना भी करना पड़ेगा। ब्रिक्स का सदस्य ईरान भी है, जहां मुद्रा के अवमूल्यन और आर्थिक संकट को लेकर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। ट्रंप ने धमकी दी है कि यदि प्रदर्शनों पर सख्ती बरती गई तो अमेरिका हस्तक्षेप करेगा। अध्यक्ष होने के नाते ब्रिक्स देश के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप की यह धमकी भारत के लिए यूक्रेन जैसा धर्मसंकट खड़ा कर सकती है। भारत को एक साल से टलती आ रही क्वाड शिखर बैठक का आयोजन भी करना है, जो ट्रंप की भारत यात्रा पर निर्भर करेगा। ट्रंप की भारत यात्रा व्यापार वार्ताओं की प्रगति पर निर्भर करेगी, जिनके सिरे न चढ़ने के कारण 25 साल पुराने संबंधों में खटास आई है। हालांकि अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रियर ने भारत के प्रस्तावों को अब तक मिले सर्वश्रेष्ठ व्यापार प्रस्ताव बताया है, पर ट्रंप के रवैये को देखते हुए भारत किसी बात पर भरोसा करने का जोखिम नहीं उठा सकता। उसे अमेरिकी बाजार के विकल्प खोजने ही होंगे। उसने यूएई, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ओमान के साथ व्यापार समझौते किए हैं, लेकिन अमेरिकी बाजार के जाने से हुए नुकसान की भरपाई इनसे नहीं केवल यूरोप और खाड़ी परिषद के व्यापार समझौतों से ही हो सकती है और वह भी कुछ हद तक। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डे लायन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंतोनियो कोस्टा की गणतंत्र दिवस पर भारत यात्रा से उम्मीद है कि व्यापार समझौते को अंतिम रूप मिल सकेगा।

भारत की विदेश और व्यापार नीति की असली परीक्षा दक्षिण एशिया में होगी। 'पड़ोस पहले' की नीति के तहत बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और मालदीव के साथ संचार, यातायात, व्यापार और आर्थिक मदद पर अरबों डालर खर्च करने के बावजूद भारत इन देशों में वह विश्वास और प्रभाव नहीं जमा पाया, जिसकी उम्मीद थी। बांग्लादेश में भारत विरोधी लहर सोचने को बाध्य करती है कि क्या भारत के 3900 सैनिकों के बलिदान, करोड़ों लोगों को शरण और हाल की लगभग आठ अरब डालर के कर्ज की सुविधा का यही प्रतिफल है?

## सम्पादकीय

# क्या अमेरिका फिर बन रहा है 'दुनिया का थानेदार'?



वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई के मुद्दे पर भी भारत ने बातचीत से मसले को सुलझाने और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता कायम रखने पर जोर दिया है। साथ ही तेल समृद्ध वेनेजुएला में तेजी से बदल रही स्थिति पर करीबी नजर भी रखी जा रही है, ताकि आने वाले समय में राष्ट्रहित की रक्षा के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। भारत सहित कई देशों ने इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई है और वेनेजुएला की संप्रभुता एवं वहां के लोगों की सुरक्षा की वकालत की है।

इस बीच, यह सवाल भी उठ रहा है कि किसी राष्ट्र पर हमला कर वहां के प्रमुख और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाने की अमेरिका की कार्रवाई क्या अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों का उल्लंघन नहीं है? गौरतलब है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने का लगातार आरोप लगाने के बाद शुक्रवार देर रात राजधानी काराकस पर हमला कर दिया था। इस दौरान मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर न्यूयार्क ले जाया गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि मादुरो के खिलाफ न्यूयार्क में मुकदमा चलाया जाएगा। यह कोई पहली बार नहीं है कि अमेरिका ने किसी देश में सत्ता परिवर्तन का प्रयास किया है। वर्ष 1965 में अमेरिका ने डोमिनिकन गणराज्य में बड़ी संख्या में अपने सैनिक भेजे, ताकि 1963 में तख्तापलट के तहत हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति जुआन बोश की वापसी को रोका जा सके। वर्ष 1989 में अमेरिकी सैनिकों ने पनामा पर धावा बोला, जिसका मकसद तत्कालीन जनरल मैनुअल नोरिएगा को हटाना था, जिन पर मादुरो की तरह ही मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप थे। वर्ष 2003 में अमेरिका के नेतृत्व में इराक पर हमला कर सद्दाम हुसैन के लंबे शासन का अंत कर दिया गया। इसी तरह वर्ष 2004 में हैती के तत्कालीन राष्ट्रपति को सत्ता से हटाकर अफ्रीका भेज दिया गया। यह बात सही है कि अगर दुनिया के किसी हिस्से में मानव सुरक्षा का गंभीर संकट हो, तो किसी दूसरे देश के हस्तक्षेप को तभी उचित ठहराया जा सकता है, जब यह सब अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के दायरे में किया जाए। शीत युद्ध के दौरान अमेरिकी हस्तक्षेप की अक्सर निंदा की जाती थी, लेकिन इससे कभी भी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की वैधता को सीधे तौर पर खतरा महसूस नहीं हुआ। मगर पिछले कुछ दशकों से यह देखने में आया है कि कुछ शक्तिशाली देश वैश्विक मानव हित के बजाय अपने निजी स्वार्थों के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई को भी कुछ देश इसी नजर से देख रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस खतरनाक चलन को लेकर गहरी चिंता जताई है, जिसे अमेरिका बढ़ावा दे रहा है। इस बात पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है कि विश्व में शांति एवं स्थिरता के वास्ते सभी देशों ने मिलकर जो अंतरराष्ट्रीय कानून बनाए हैं

# संगठन की अनदेखी करती कांग्रेस

कांग्रेस के अध्यक्ष भले ही मल्लिकार्जुन खरगे हों, लेकिन सबको पता है कि पार्टी की असल कमान किसके हाथ है। पार्टी के असल बास राहुल गांधी हैं। इस लिहाज से पार्टी उन्हीं के हिसाब से चल रही है। राहुल तेजतर्रार और आक्रामक हैं, लेकिन उनकी यह आक्रामकता नतीजों में नहीं बदल रही। उनकी शैली एक हद तक वामपंथी वैचारिकी और राजनीति की तरह है। वामपंथी नैरेटिव गढ़ने में कामयाब रहते हैं, लेकिन नतीजों के मोर्चे पर नाकाम रहते हैं। 2019 के चुनाव में उन्होंने 'चौकीदार चोर' का नैरेटिव तैयार किया। 2024 में 'खतरे में संविधान' का आख्यान खड़ा किया। हाल में 'वोट चोरी' का आरोप चस्पां किया। वामपंथी इकोसिस्टम के जरिये ये सारे इस कदर स्थापित हुए कि लगा कि इनकी चक्करघिन्नी में भाजपा फंस गई। भाजपा कई बार चिंतित भी दिखी, लेकिन उसके नेतृत्व ने होश नहीं खोया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने गत दिनों अपनी एक्स पोस्ट में लिखा, 'आरएसएस का जमीनी स्वयंसेवक और जनसंघ-भाजपा का कार्यकर्ता नेताओं के चरण में बैठकर प्रदेश का मुख्यमंत्री और देश का प्रधानमंत्री बना। ये संगठन की शक्ति है।' इन शब्दों के मायने तब खुलते हैं, जब इसके साथ चस्पां एक तस्वीर दिखती है। 1995 की उस तस्वीर में नरेन्द्र मोदी पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के पास फर्श पर बैठे हैं। दिग्विजय सिंह के ये शब्द कांग्रेस नेतृत्व और संगठन के कामकाज पर एक तरह से टिप्पणी हैं।

कांग्रेस नेतृत्व की कार्यशैली और संगठन की लचर हालत पर टिप्पणी करने वाले दिग्विजय पहले शख्स नहीं हैं। केंद्रीय राजनीति में नरेन्द्र मोदी के उभार के बाद कांग्रेस लगातार फिसल रही है। हाल में उसे और उसके सहयोगी दलों को उस बिहार में भी हार झेलनी पड़ी, जिसे महज दो महीने पहले ही वह जीता हुआ मान चुकी थी। उसकी निराशा महाराष्ट्र और गोवा के निकाय चुनावों ने भी बढ़ाई है। इस बीच केरल के निकाय चुनावों ने उसे जरूर सांत्वना दी है, लेकिन वह इतनी कारगर नहीं है कि पार्टी और उसके जमीनी कार्यकर्ता भविष्य के प्रति व्यापक रूप से आश्वस्त हो सकें।

कांग्रेस के अध्यक्ष भले ही मल्लिकार्जुन खरगे हों, लेकिन सबको पता है कि पार्टी की असल कमान किसके हाथ है। पार्टी के असल बास राहुल गांधी हैं। इस लिहाज से पार्टी उन्हीं के हिसाब से चल रही है। राहुल तेजतर्रार और आक्रामक हैं, लेकिन उनकी यह आक्रामकता नतीजों में नहीं बदल रही। उनकी शैली एक हद तक वामपंथी वैचारिकी और राजनीति की तरह है। वामपंथी नैरेटिव गढ़ने में कामयाब रहते हैं, लेकिन नतीजों के मोर्चे पर नाकाम रहते हैं। 2019 के चुनाव में उन्होंने 'चौकीदार चोर' का नैरेटिव तैयार किया। 2024 में 'खतरे में संविधान' का आख्यान खड़ा किया। हाल में 'वोट



चोरी' का आरोप चस्पां किया। वामपंथी इकोसिस्टम के जरिये ये सारे इस कदर स्थापित हुए कि लगा कि इनकी चक्करघिन्नी में भाजपा फंस गई। भाजपा कई बार चिंतित भी दिखी, लेकिन उसके नेतृत्व ने होश नहीं खोया।

नतीजे सामने हैं। कांग्रेस के कई नैरेटिव उलटे भी पड़ते हैं, क्योंकि वे जमीनी समझ के बिना गढ़े जाते हैं। बिहार के संदर्भ में पार्टी नेतृत्व के एक वर्ग का मानना है कि जब राहुल ने वोटर जागरूकता यात्रा निकाली, तब मिथिला समेत उत्तर बिहार में सवर्ण, विशेषकर सवर्ण मतदाताओं का कांग्रेस को लेकर रुख बदल रहा था, लेकिन बाद में उन्हीं ब्राह्मणों और सवर्णों को आततायी बताने का नैरेटिव गढ़ा गया, लिहाजा मतदान में हालात बदल गए। अपने वामपंथी सोच के चलते कांग्रेस से समूचे देश का सवर्ण मतदाता दूर होता जा रहा है। और तो और जब देश और संसद में ज्यादा जरूरत होती है, तब राहुल विदेश में भाषण दे रहे होते हैं। इसके चलते संगठन की लगातार अनदेखी हो रही है। कांग्रेस के कई अहम सूत्र एकमत हैं कि संगठन को दुरुस्त करने पर पार्टी नेतृत्व का ध्यान नहीं है। उदाहरण के लिए, लोकसभा चुनाव के वक्त हरियाणा में न तो सचिव था, न ही पार्टी की जिला कमेटियां काम कर रही थीं। ऐसा ही हाल बिहार का भी था। जिला स्तरीय कमेटियां थी नहीं। कई राज्य ऐसे हैं, जहां अध्यक्ष तो बना दिए गए हैं, लेकिन वहां कमेटी ही नहीं है। मुंबई में तो बीएमसी चुनाव के नामांकन के आखिरी दिन तक पता ही नहीं रहा कि कांग्रेस का गठबंधन किसके साथ है और कौन कहां से लड़ेगा। मनरेगा का नाम और चेहरा बदलने के खिलाफ कांग्रेस राज्यों की राजधानियों में रैलियां करने जा रही है।

# अराजक बांग्लादेश

बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या से यही स्पष्ट हो रहा है कि वहां चुन-चुनकर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। हिंदुओं की हत्याओं का सिलसिला कायम रहने के बाद भी वहां की अंतरिम सरकार न्यूनतम गंभीरता का परिचय देने से इन्कार कर रही है। नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिंदुओं की हत्याओं को या तो सांप्रदायिक हिंसा मानने से इन्कार कर दे रही है या फिर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की खोखली बातें करके कर्तव्य की इतिश्री कर ले रही है। वह कुछ घटनाओं को आपसी रंजिश या दुर्घटना भी बता दे रही है। उसे यह आभास होना चाहिए कि अराजक माहौल आपसी रंजिश भुनाने का जरिया बनता है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि हिंदुओं की हत्याओं के मामले तो सामने आ जाते हैं, लेकिन




उनके घर जलाने, जमीन कब्जाने और उनकी महिलाओं से छेड़छाड़ करने की घटनाएं दबी ही रह जाती हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ माहौल कितना विषाक्त हो गया है, इसे इससे समझा जा सकता है कि वहां हिंदू अधिकारियों-कर्मचारियों को लांछित किया जा रहा है और हिंदू नेताओं को चुनाव में भाग लेने से रोकने की भी कोशिश की जा रही है। यह सब इसीलिए हो रहा है, क्योंकि वे कट्टरपंथी ताकतें अंतरिम सरकार के संरक्षण में हैं, जो भारत विरोध के लिए जानी जाती हैं। हिंदुओं को प्रताड़ित करने के लिए वहां उनके और भारत के खिलाफ सुनियोजित अफवाहें भी फैलाई जा रही हैं। यह एक अफवाह ही थी कि छात्र नेता उस्मान हादी को गोली मारने वाला भारत भाग गया है। बांग्लादेश सरकार ने सब कुछ जानते हुए भी इस झूठ पर लगाम लगाने की कोशिश नहीं की। उसकी पोल तब खुली जब उस्मान हादी के हत्यारोपित के दुबई में होने की सूचना आई। बांग्लादेश सरकार यह अच्छी तरह जान रही है कि हिंदुओं को लगातार निशाना बनाए जाने से भारत में लोग उद्वेलित हो रहे हैं, लेकिन वह हालात सामान्य करने के लिए कोई कदम उठाने के बजाय संबंधों को बिगाड़ने वाले काम कर रही है। पिछले दिनों जब आइपीएल की टीम केकेआर ने उसके क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को टीम में न रखने का फैसला किया तो बांग्लादेश ने यह समझने की जरूरत नहीं समझी कि आइपीएल में उसकी मौजूदगी स्टेडियमों में माहौल बिगाड़ने का ही जरिया बनती। केकेआर के फैसले के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत भेजने से मना तो किया ही, आइपीएल प्रसारण पर भी रोक लगा दी। इसे कुल मिलाकर बात बिगाड़ने वाला रवैया ही कहा जाएगा। उसके ऐसे रवैये के कारण ही उन तत्वों का दुस्साहस बेलगाम है, जो हिंदुओं को निशाना बनाने के साथ भारत के खिलाफ आग उगलने में लगे हुए हैं।

# भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मिले गौरव यादव, संगठन की मजबूती पर चर्चा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से जयपुर जिला देहात उत्तर ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं अलवर उत्तर के संगठन सह-प्रभारी गौरव यादव ने नई दिल्ली में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर गौरव यादव ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान संगठनात्मक विषयों, आगामी राजनीतिक चुनौतियों, ओबीसी वर्ग की भूमिका तथा पार्टी की जमीनी मजबूती को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं के मनोबल को ऊंचा रखने और संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया।



## युवा मोर्चा के दौर से है मजबूत रिश्ता:

गौरव यादव और नितिन नबीन का संगठनात्मक जुड़ाव नया नहीं है। बताया गया कि जब नितिन नबीन भारतीय जनता युवा मोर्चा में राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा रहे थे, उस दौरान गौरव यादव ने भी उनके साथ विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन किया। यही कारण है कि इस मुलाकात को केवल औपचारिक नहीं, बल्कि पुराने सहयोगियों के अनुभव साझा करने और भविष्य की रणनीति तय करने के रूप में देखा जा रहा है।

## राजस्थान संगठन को मिलेगा लाभ:

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस भेंट से राजस्थान, विशेषकर जयपुर देहात और अलवर उत्तर क्षेत्र में संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। ओबीसी मोर्चा के माध्यम से सामाजिक समरसता, युवाओं की भागीदारी और संगठन विस्तार को लेकर ठोस कार्ययोजना पर अमल की संभावनाएं भी इस मुलाकात के बाद मजबूत हुई हैं। गौरव यादव ने कहा कि नितिन नबीन का अनुभव और संगठन पर मजबूत पकड़ पार्टी के लिए लाभकारी सिद्ध होगी, वहीं नितिन नबीन ने राजस्थान के कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण की सराहना करते हुए सभी को एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। यह मुलाकात न केवल संगठनात्मक सौहार्द का प्रतीक बनी, बल्कि आने वाले समय में भाजपा की रणनीतिक मजबूती का संकेत भी मानी जा रही है।

## भजन संध्या कार्यक्रम को लेकर गणेश जी महाराज को निमंत्रण दिया



जयपुर टाइम्स

**कोटखावदा(निस)।** श्री श्याम परिवार सेवा समिति कोटखावदा के तत्वावधान में इंद्रपुरी रोड बाबा श्याम के भव्य मंदिर पर निर्माणाधीन मंदिर पर विशाल पौषबड़ा व श्याम भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बुधवार को गणेश को नियंत्रण दिया गया। भजन संध्या कार्यक्रम 22 जनवरी 2026 को समय 12:15 बजे से चालू होगी। जिसका प्रथम निमंत्रण गणेश जी महाराज को दिया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष मुरारी गुप्ता, कोषाध्यक्ष रितेश जैन, राजेश जैन महात्मा ज्योति अध्यक्ष राकेश सैनी, कानाराम सैनी, विजय शर्मा, अक्षय जैन, डॉक्टर सूरज मीणा, नमो मीणा, अंकित शर्मा, लक्ष्मी नारायण बडगूजर आदि मौजूद रहे।

## बाहेती प्रबुद्ध विभाग राजस्थान प्रदेश सहसंयोजक नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**चाकसू(निस)।** अखिल भारतीय संकल्प सामाजिक सेवा संस्था के 'प्रबुद्ध विभाग राजस्थान प्रदेश सहसंयोजक' पद पर चाकसू निवासी अमित बाहेती एडवोकेट को नियुक्त किया गया है। मार्गदर्शक वरिष्ठ प्रचारक आर एस एस करुणा प्रकाश, राष्ट्रीय संरक्षक शांत प्रकाश जाटव, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एके सिंह, राष्ट्रीय क़ानूनी सलाहकार संजीव राजपूत, राष्ट्रीय सहसंयोजक प्रबुद्ध विभाग रामगोपाल गुप्ता की अनुशंसा पर राष्ट्रीय महासचिव शक्ति सिंह एडवोकेट ने उक्त नियुक्ति पत्र जारी किया है। साथी कार्यकर्ताओं ने उक्त नियुक्ति पर अमित बाहेती एडवोकेट को बधाई दी। अमित बाहेती ने तन मन धन से संस्था के सेवा कार्य करने का संकल्प लिया।

## पौधों के पत्तों पर जमने लगी ओंस की बूंदें



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** जयपुर में नववर्ष के साथ ही सर्दी ने जोर पकड़ा। चार दिन से लगातार शीतलहर और ठिठुरन बनी हुई हैं। इस पूरी सीजन में जनवरी माह में ही सबसे तेज सर्दी का असर दिखा है। जबकि दिसम्बर माह में सिर्फ रात के समय से ही सर्दी का मामूली असर रहा। अब रात का तापमान 9 डिग्री पहुंचने के साथ ही सुबह घना कोहरा छाया नजर आता है। बुधवार तड़के सुबह एक पौधे पर गिरी ओस की बूंदें बर्फ के रूप में जमी हुई नजर आई। यह ओस की बूंदों की तस्वीर सांगानेर क्षेत्र के गांव श्रीरामपुरा से ली गई है।

## गौ माता की सेवा के लिए प्रभावी कानून की माँग को लेकर बैठक

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा में गौ माता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए प्रभावी कानून बनाए जाने की माँग को लेकर बुधवार को दोपहर लगभग 12 बजे एसबीआई बैंक के पास गौ सम्मान आव्हान अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक पूज्य संत वैष्णव दास (श्रीधाम वृंदावन) व गौ प्रचारक पूर्वी राजस्थान बहादुर सिंह गुर्जर के पावन सानिध्य में संपन्न हुई।बैठक में उपस्थित गौ भक्तों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए निर्णय लिया गया,कि 27 अप्रैल को तहसील स्तर पर शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीके से प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर गौ माता की रक्षा के लिए ठोस और प्रभावी कानून बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। साथ ही नगर व क्षेत्र के सभी गौ भक्तों से आग्रह किया गया कि वे समय निकालकर इस जनआंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता निभाएँ और गौ रक्षा के इस पुनीत कार्य को सफल बनाएं। राम शर्मा ने भी कहा गौ सम्मान आव्हान अभियान कार्यक्रम को लेकर विभिन्न बैठके जिले की प्रत्येक तहसील स्तर आगे भी आयोजित की जाएगी।



## ब्लॉक स्तरीय बाल सुरक्षा समिति का सफल आमुखीकरण कार्यशाला

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पंचायत समिति सभागार बाड़ी में प्रयत्न संस्था की 'कवच' परियोजना के तहत ब्लॉक स्तरीय बाल सुरक्षा समिति की एकदिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला संपन्न हुई। संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रामबरन गोस्वामी ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि प्रयत्न धौलपुर जिले में विभिन्न परियोजनाओं से बच्चों के हित में कार्यरत है। 'कवच' के माध्यम से जिले को बाल हितैषी बनाने का लक्ष्य है, जिसमें बाल अधिकारों की सुरक्षा और बालमित्र वातावरण निर्माण पर जोर दिया जा रहा है।जिला बाल संरक्षण अधिकारी विजेंद्र कटारिया ने समिति गठन, नियमित बैठकें, शिक्षा सुनिश्चितता, एनजीओ समन्वय, सरकारी योजनाओं का प्रचार और पात्र बच्चों को जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने बाल श्रम, बाल विवाह तथा नशीले पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए जनजागरण का आह्वान किया। विकास अधिकारी अनिल शर्मा के निर्देशन में सहायक विकास अधिकारी राजेश शर्मा ने कहा कि समिति सदस्य बाड़ी की हर पंचायत को बाल हितैषी बनाने में सहयोग करेंगे।अंत में, सभी सदस्यों ने बाल विवाह विरोधी और बाल हितैषी पंचायत निर्माण की शपथ ली।

## मकराना कॉलेज में प्रोफेसर पर गंभीर आरोप, 450 छात्रों ने दिया धरना, कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स




**मकराना(निस)।** राजकीय कॉलेज नावां-मकराना में मंगलवार को छात्र-छात्राओं ने एक प्रोफेसर के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि संबंधित प्रोफेसर की ओर से लगातार गलत व्यवहार किया जा रहा है, छात्रों को डराया- धमकाया जाता है और झूठे मुकदमों की धमकी दी जाती है। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि कॉलेज में साफ पानी और सफाई की गंभीर कमी है, जिसकी शिकायत करने पर उन्हें डांट-फटकार का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा प्रोफेसर के समय पर कॉलेज न आने, जल्दी चले जाने, प्राइवेट कोचिंग को प्राथमिकता देने और नियमित कक्षाएं न लेने से करीब 450 विद्यार्थियों का भविष्य खतरे में बताया गया। धरने में जाकिर हुसैन, तहसीलदार सहित कई छात्र नेता मौजूद रहे। छात्र प्रतिनिधियों फैजान चौहान, साजिद मंसूरी, सोहेल खान, मोहम्मद आसिफ, फरीन, आवेश, समीर, नफीद और रमजान ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और तत्काल कार्रवाई की मांग की।

### छात्रों की प्रमुख मांगें:

प्रोफेसर के आचरण और कार्यशैली की निष्पक्ष जांच नियमित कक्षाएं सुनिश्चित करने और अटेंडेंस रजिस्टर की जांच कॉलेज में पेयजल व सफाई व्यवस्था सुधार, दोषी पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई छात्रों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और जब तक ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे एकजुट रहेंगे। विधायक जाकिर हुसैन ने भी छात्रों की शिकायतों को गंभीर बताते हुए उच्च अधिकारियों से बात कर त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। प्रशासनिक स्तर पर ज्ञापन प्राप्त होने के बाद मामले की रिपोर्ट उच्च शिक्षा विभाग को भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी दी गई

## कैबिनेट मंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को दिए पेयजल समाधान के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** रेनवाल मांजी क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही गंभीर पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी व भू-जल विभाग के कैबिनेट मंत्री के समक्ष अपनी पीड़ा रखी। कैबिनेट मंत्री ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के सख्त निर्देश दिए। नारायण लाल धांधा के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने मंत्री को बताया कि जलापूर्ति अनियमित होने के कारण महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई मोहल्लों में घंटों इंतजार के बाद भी पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कैबिनेट मंत्री ने तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों से फोन पर चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पेयजल समस्या का त्वरित निस्तारण किया जाए और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने अधिकारियों को वैकल्पिक जलापूर्ति की तत्काल व्यवस्था करने के साथ-साथ स्थायी समाधान की दिशा में कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री के हस्तक्षेप के बाद ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि अब क्षेत्र में पेयजल संकट से जल्द राहत मिलेगी। इस दौरान नारायण लाल धांधा, राजेश घोसल्या, रेनवाल मांजी प्रशासक संजय बुनकर, अखराम, रामजस, कैलाश, रोडू राम, कानाराम, रामधन निठारवाल, कबू दुदाला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## 7 मोबाइल मेडिकल एंबुलेंस को सीएमएचओ ने दिखाई हरी झंडी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के दूरस्थ व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बुधवार को हंस फाउंडेशन के सहयोग से प्राप्त मोबाइल मेडिकल एंबुलेंस को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव मीणा, हंस फाउंडेशन के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर सौरभ सक्सेना भी मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने इस दौरान कहा कि यह पहल उन ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जहाँ स्थायी स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँचना चुनौती पूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस सेवा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को उनके गांव में ही गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस योजना के अंतर्गत सरमथुरा तथा बाड़ी क्षेत्र में 3-3 मोबाइल मेडिकल एंबुलेंस तथा बसेड़ी क्षेत्र में 1 मोबाइल मेडिकल एंबुलेंस तैनात की गई है। ये 7 यूनिट्स निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गांव-गांव जाकर आमजन का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक जांचें तथा निःशुल्क दवा वितरण करेंगी। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, बुजुर्गों, बच्चों एवं गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को इस सेवा से सीधा लाभ मिलेगा। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट में एक चिकित्सा, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, सहयोगी स्टाफ तथा प्रशिक्षित पायलट की टीम तैनात रहेगी, जो आधुनिक उपकरणों के माध्यम से प्राथमिक उपचार, आवश्यक जांच एवं परामर्श सेवाएँ प्रदान करेगी। जरूरत पड़ने पर गंभीर मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर करने की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रयास जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीण आबादी को उनके घर के नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## नौकरी का झूठा झांसा देकर ठगी, आरोपी के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** नौकरी का झूठा झांसा देकर ठगी करने वाले प्रमोद शर्मा के खिलाफ पुलिस अधीक्षक धौलपुर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि प्रमोद शर्मा पुत्र हरिओम शर्मा व उसका भाई मनोज शर्मा प्रमोद के पिता हरिओम शर्मा एवं प्रमोद का साला संदीप शर्मा आदि लोगों ने मिलकर प्राइवेट कंपनी, सरकारी निकाय, फर्म और एनजीओ आदि में नौकरी लगवाने की एवज में धौलपुर जिले के बेरोजगार युवाओं को झूठा दिलासा देकर लगभग 100 लोगों से 5 से 6 करोड़ रुपए की ठगी कर 3 साल से फरार चल रहा हैं लोगों को नौकरी का दिलासा देकर करोड़ों रुपए की ठगी की गई और आज तक आरोपी की ओर से किसी को भी नौकरी नहीं दी गई। जब लोगों ने अपने पैसे वापस देने को कहा तो उसने पैसे देने से मना कर दिया और उसने मनिया का मकान खाली कर जयपुर भाग गया। उक्त आरोपियों के खिलाफ कई थानों में एफ.आई.आर.दर्ज हैं उक्त एफ.आई.आर के तहत थाना निहालगंज ने आरोपी की गिरफ्तारी कर उसे जेल भेज दिया। पूर्व में भी आरोपी के पिता की गिरफ्तारी हुई तब उसने अपने जयपुर की मकान व मनिया के मकान को बेचकर पैसे देने की बात कही, लेकिन जमानत मिलने के बाद उसने पैसे देने से बाद में मना कर दिया, वर्तमान में आरोपी धौलपुर जेल में है। हम सभी लोग जिनके साथ ठगी हुई है। हम चाहते हैं कि आरोपी अपनी जमीन को बेचकर हम सभी का पैसा वापस कर दे। पूर्व की भांति इस बार भी आरोपी जमानत मिलने पर फरार हो सकता है। हम सभी गरीबों के बच्चे हैं। अगर इस वार फरार हो गया तो हमारे पैसे मारे जा सकते हैं। ज्ञापन देने वालों में सुमित, अरविंद, हरविंदर चंद्रमा, धर्मेंद्र, मनोज कुमार, हरिराम, वीरेंद्र सिंह, जावेद सिंह, सत्यवीर सिंह, राज बहादुर, देवेंद्र, समर सिंह, राजेंद्र सिंह, हंसराम, कुलदीप, राजकुमार, शैलेंद्र, अभिषेक, रामकेश, रामराज, समुद्र प्रताप सिंह, गब्बर, राजवीर, अजीत, पुष्पेंद्र, सत्यवीर रामफल आदि पीड़ित बेरोजगार उपस्थित रहे।

### विधायक प्रशांत सहदेव शर्मा ने की 5 लाख की अतिरिक्त घोषणा

## ईशरावाला की राह आसान: 20 लाख से बनी सीसी रोड का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/चौंप(निस)।** आमेर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चौंप के ईशरावाला गांव में इंदौरा की ढाणी से खाल्ड्या वाली ढाणी तक नवनिर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशांत सहदेव शर्मा ने फीता काटकर सड़क का उद्घाटन किया। करीब 20 लाख रुपए की लागत से बनी इस सड़क में 10 लाख विधायक कोटे तथा 10 लाख पंचायत समिति कोटे से व्यय किए गए हैं।

इस अवसर पर विधायक शर्मा ने कहा कि यह सड़क ग्रामीणों के लिए लाइफलाइन साबित होगी। पहले बारिश के मौसम में जलभराव और कीचड़ के कारण गांव के आधे हिस्से का रास्ता बंद हो जाता था। हालात इतने खराब थे कि ग्रामीण पशुओं के चारे के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली तक नहीं ले जा पाते थे। अब पक्की सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा और ग्रामीणों को रोजमर्रा की परेशानियों से राहत मिलेगी



### बिजली समस्या उठी, समाधान का आश्वासन:

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बिजली कटौती की गंभीर समस्या विधायक के सामने रखी। ग्रामीणों ने मांग की कि चौंप जीएसएस को जेतपुरा फीडर से हटाकर वीकेआई फीडर से जोड़ा जाए, ताकि कृषि और घरेलू कार्यों के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। विधायक ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। ग्रामीणों की मांग पर विधायक प्रशांत सहदेव शर्मा ने गांव में सामुदायिक विकास कार्यों के लिए अपनी निधि से 5 लाख रुपए देने की घोषणा की, जिस पर ग्रामीणों ने तालियों के साथ स्वागत किया। सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों ने विधायक प्रशांत सहदेव शर्मा व पंचायत समिति सदस्य कैलाश इंदौरा का आभार जताते हुए माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य कैलाश इंदौरा, मुरलीधर पलसानिया, छाजू नटवाड़िया, तेजाराम सोड, तेजपाल सोड, बद्री सोड, कानाराम नटवाड़िया, राजू नटवाड़िया, सीताराम पलसानिया, नारायण पलसावाला, वार्ड पंच शंकर सोड, सचिव गोपाल नटवाड़िया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए सेकेंड लेफ्टिनेंट खेत्रपाल की सच्ची कहानी है इक्कीस




सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म इक्कीस साल 1971 भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की सच्ची कहानी पर आधारित है। फिल्म दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म है और उनकी ये आखिरी फिल्म गजब है। यही वजह है कि ओपनिंग डे पर धुरंधर जैसी गजब ढाने वाली फिल्म के सामने भी फिल्म को दर्शक मिल रहे हैं। चलिए जान लेते हैं फिल्म की ओपनिंग डे की कमाई। श्रीराम राघवन के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 4-05 बजे तक 3.2 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

बता दें कि ये आंकड़ा अभी शुरुआती है। फाइनल डेटा आने के बाद इसमें बदलाव हो सकता है। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य की फिल्म को एबीपी न्यूज ने अपने रिव्यू में 4 स्टार देते हुए लिखा है कि अगस्त्य नंदा की एक्टिंग इतनी कमाल है कि वो शहीद अरुण खेत्रपाल के किरदार को पूरी तरह से जी गए हैं और उन्होंने दिखा दिया है कि वो अमिताभ बच्चन के नाती हैं। धर्मेंद्र की तारीफ में इसी रिव्यू में लिखा है कि धर्मेंद्र को देखना अपने आप में एक इमोशन है।

फिल्म का पूरा रिव्यू आप यहां पढ़ सकते हैं। इस फिल्म को स्त्री 2 और थामा जैसी फिल्में बनाने वाले दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है। जानकारी के मुताबिक, फिल्म ओपनिंग डे पर फिल्म का प्रीडिक्शन 3.5 करोड़ रुपये था। और फिल्म शुरुआती घंटों में ही इससे ज्यादा कमा चुकी है। यानी फिल्म आगे आने वाले दिनों में बहुत जल्द हिट फिल्म बनने की ओर बढ़ सकती है।

## फिल्म द राजा साब में अलग भूमिका में दिखने वाले हैं प्रभास

सुपरस्टार प्रभास अपनी आगामी फिल्म द राजा साब में एक अलग भूमिका में दिखने वाले हैं। प्रभाष की यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 रिलीज होगी। इससे पहले प्रभास की एक और मोस्ट अवेटेड फिल्म 'कल्कि 2898 एडी 2' को लेकर एक ताजा खबर सामने आई हैं। इसे जानने के बाद फैंस खुशी से झूम उठेंगे। आकाशवाणी की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रभास की 'कल्कि 2898 एडी' ने दर्शकों को जबरदस्त पसंद किया और बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। फिल्म के क्लिफहैंगर एंडिंग ने सीक्वल के लिए उम्मीदें बढ़ाई। अब



इसके लिए मेकर्स तैयार हो चुके हैं। सब कुछ रहा तो 'कल्कि 2898 एडी पार्ट 2' की शूटिंग फरवरी 2026 से शुरू हो सकती हैं। हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रभास खुद अभी संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट की शूटिंग में बिजी हैं। ऐसे में 'कल्कि 2898 एडी पार्ट 2' के लिए उनके फैंस को थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण के फिल्म बाहर होने के बाद उनके रोल के लिए अब तक किसी नई एक्ट्रेस की पुष्टि नहीं हुई है।

हालांकि फिल्म की नई हीरोइन के रूप में आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा के नाम का चर्चाएं जारी हैं। कल्कि 2898 एडी की कहानी महाभारत के बाद की घटनाओं पर आधारित है। जहां अश्वत्थामा को भगवान श्री कृष्ण द्वारा भगवान विष्णु के अवतार की रक्षा का जिम्मा सौंपा जाता है। फिल्म में 2898 एडी की दुनिया में एक नई शक्ति यास्किन का उदय होता है, जो अपने लोगों पर शासन करता है। इसका अंत एक विशाल और महाकाव्य कहानी के लिए रास्ता खोलता है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।



# पुराने दिनों को याद कर भावुक हुई कविता कौशिक

टीवी अभिनेत्री कविता कौशिक ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने जीवन के उन पुराने रूपों को याद किया। । पोस्ट का शीर्षक था मेरे वो रूप जिन्हें मैं आज भी याद करती हूं। इस पोस्ट में कविता ने अपने निजी अनुभवों और जीवन में आए बदलावों पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि समय, अनुभव और परिस्थितियों ने उन्हें बदल दिया है। कविता ने लिखा, मैं अपनी जिंदगी के कुछ हिस्सों को पीछे छोड़ चुकी हूं, लेकिन उनकी यादें आज भी मेरे दिल में जिंदा हैं। जब पापा साथ थे, तब बेफिक्र थी। पिता का साया खोना किसी भी इंसान के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव लेकर आता है।

कविता ने अपने पुराने रूपों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें वह शांत और कोमल लड़की याद आती है, जो स्कूल की यूनिफॉर्म के पीछे छिपी रहती थी और जिसे कोई ठीक से नहीं समझ पाया। साथ ही वह छोटी सी बच्ची भी उन्हें याद आती है, जिसे बस खेल-कूद में मज़ा आता था और जो जिंदगी की जिम्मेदारियों से बेफिक्र थी। इसके अलावा, कविता ने अपने भीतर की निडर और साहसी लड़की को भी याद किया, जो बिना सोचे-समझे जोखिम लेने का हौसला रखती थी। उन्होंने लिखा, कभी मेरे अंदर ऐसा आत्मविश्वास था कि मैं दुनिया में कुछ भी कर सकती हूं, लेकिन अब मैंने इन सभी रूपों को अलविदा कह दिया है। शायद किसी बेहतर दुनिया में इन पुराने रूपों से फिर मुलाकात होगी। पोस्ट के साथ कविता ने कुछ खास तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें उनके बचपन की झलक दिखती है। कुछ तस्वीरों में वह अपने दिवंगत पिता के साथ बिताए खूबसूरत पलों में मुस्कुराती नजर आ रही हैं। यह पोस्ट उनके फैंस और फॉलोअर्स के लिए भावनात्मक और सोचने पर मजबूर करने वाला अनुभव साबित हुआ। बता दें कि टीवी और एंटरटेनमेंट की दुनिया में अक्सर कलाकारों को कैमरे के सामने हंसते-खिलखिलाते देखा जाता है, लेकिन ऑफ-कैमरा उनका जीवन कई बार चुनौतीपूर्ण होता है।

## द्रौपदी 2 को सीबीएफसी ने दी यू/ए सर्टिफिकेट

अनकमिंग ऐतिहासिक फिल्म द्रौपदी 2 को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही थी। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने इस तमिल-तेलुगु ऐतिहासिक ड्रामा को यू/ए सर्टिफिकेट दे दिया है, जिससे फिल्म की सिनेमाघरों में रिलीज़ का रास्ता साफ हो गया है। निर्देशक मोहन जी ने इस महत्वपूर्ण अपडेट को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। उन्होंने नए साल की शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि फिल्म इतिहास के उन पन्नों को सामने लाएगी, जिन पर अब तक बहुत कम चर्चा हुई है। द्रौपदी 2 14वीं सदी के उस समय को पर्दे पर जीवंत करेगी, जिसे इतिहास में अंधकारमय और उथल-पुथल भरा माना जाता है। फिल्म में दक्षिण भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परतों को बड़े पर्दे पर पेश किया जाएगा, जिससे दर्शक इतिहास की गहराई को अनुभव कर सकें। फिल्म निर्माता पहले इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज़ करने पर विचार कर रहे थे, लेकिन अभी तक आधिकारिक तारीख घोषित नहीं हुई है। हालांकि, सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद इसे जल्द ही सिनेमाघरों में देखने की संभावना बढ़ गई है। इस ऐतिहासिक फिल्म के निर्माताओं और क्रू में सभी उत्साहित हैं और उन्होंने दर्शकों को एक शानदार सिनेमाई अनुभव देने की तैयारी पूरी कर ली है। द्रौपदी 2 का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर इंडस्ट्री और दर्शकों में उत्साह का माहौल है, क्योंकि ऐतिहासिक फिल्में तमिल और तेलुगु सिनेमा में हमेशा दर्शकों का ध्यान खींचती रही हैं। इस फिल्म में वीरता, साहस, सामाजिक संघर्ष और संस्कृति को बड़े पर्दे पर दिखाने का प्रयास किया गया है, जिससे दर्शक खुद को उस युग में महसूस कर सकें। फिल्म की रिलीज़ के साथ ही मोहन जी क्षत्रिय का मकसद केवल मनोरंजन करना नहीं है, बल्कि दर्शकों को इतिहास की अनछुई और महत्वपूर्ण घटनाओं से रूबरू कराना भी है।



## निर्देशक-अभिनेता का तालमेल क्यों जरूरी: यामी गौतम

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म हक की सफलता का बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम जश्न मना रही हैं। यामी का मानना है कि निर्देशक और अभिनेता का तालमेल ही किसी फिल्म की सफलता की कुंजी होता है। एक्ट्रेस ने इसी बीच अपने थिएटर के दिनों के अनुभवों को याद किया। यामी ने एक मजेदार किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि स्कूल में थिएटर सीखते समय उन्होंने एक डायलॉग इतने अजीब अंदाज में बोला कि वहां मौजूद सभी लोग हंस-हंसकर लोटपोट हो गए।



यामी ने बताया, जब मैं स्कूल में थिएटर सीख रही थी, तब वहां एक नया टीचर आया था। हमें अपनी लाइन अलग अंदाज में बोलनी थी। मुझे याद है मेरा डायलॉग था, चुप रहो, छोटे शैतान, वरना मैं तुम्हारा गला काट दूंगी, जिसे मैंने इतना अजीब तरीके से कहा कि सब हंस-हंसकर लोटपोट हो गए। उन्होंने आगे कहा कि टीचर ने मजाक में कहा, तुम तो किसी गली के आदमी की तरह बोल रही हो, जिस पर उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया कि कम से कम उनकी लाइनें याद तो हैं। यामी ने अभिनय और निर्देशक के बीच की रचनात्मक साझेदारी पर भी बात की।

उन्होंने कहा, निर्देशक कहानी की दिशा तय करता है और अभिनेता उनके विजन को स्क्रीन पर उतारता है। एक ही किरदार को कई अलग-अलग तरीके से निभाया जा सकता है, लेकिन स्क्रीन पर जो दिखता है, वह हमेशा निर्देशक के विजन का हिस्सा होता है। उन्होंने आगे समझाया कि अभिनय केवल डायलॉग बोलने तक सीमित नहीं है। यह किरदार की भावनाओं, मानसिकता और कहानी की दिशा को समझने का तरीका है। जब निर्देशक सही दिशा दिखाते हैं, तो अभिनेता अपने अनुभव और प्रतिभा का इस्तेमाल कर कहानी को और प्रभावशाली बनाता है।



## अनुष्का-विराट की परफेक्ट केमिस्ट्री छू रही फैंस के दिलों को

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने न्यू ईयर के मौके पर अपनी पहली नई तस्वीर शेयर की है। विराट ने कैप्शन में सिर्फ एक स्टार इमोजी डाल कर इस तस्वीर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। कपल की इस खास तस्वीर ने फैंस को खुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया है। तस्वीर में उनकी परफेक्ट केमिस्ट्री फैंस के दिलों को भी छू रही है। इस खूबसूरत तस्वीर में दोनों एक-दूसरे को गले लगाए हुए थे और कैमरे के लिए मुस्कुरा हुए पोज दे रहे हैं। नई तस्वीर में कपल की लुक की बात करें तो, विराट ने सफेद शर्ट के साथ नीले रंग का ब्लेजर और ट्राउजर पहना था। वहीं अनुष्का ब्लैक आउटफिट में बेहद खूबसूरत लगीं। उनके बाल खुले उनके लुक पर चार चांद लगा रहे हैं। आपको बता दें कि हाल हीम में दिसंबर महीने में विराट और अनुष्का दोनों नैनीताल गए थे। वहां उन्होंने अपने प्रिय गुरु प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। उनके आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर उनके प्रवचन का एक वीडियो भी शेयर किया गया, जिसमें विराट और अनुष्का को देखा गया। अनुष्का के काम के बात करें तो, अनुष्का की आखिरी फिल्म जीरो थी। यह फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के बाद अनुष्का फिल्म चकदा एक्सप्रेस में देखने को मिलतीं। उन्होंने इसकी शूटिंग की थी लेकिन यह फिल्म फिलहाल टाल दी गई है। अब अनुष्का एक्टिंग की दुनिया से दूर अपनी फैमिली के साथ एक खुशनुमा लाइफ जी रही हैं। बता दें कि बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली की जोड़ी हमेशा सुर्खियों में रहती है। दोनों अपनी प्यारी तस्वीरों और म्यूचुअल बॉन्डिंग के लिए फैंस के बीच कपल गोल्स के रूप में पहचाने जाते हैं।

## प्रोडक्शन हाउस शुरू किया कृष पाठक और सारा खान ने

स्क्रिप्ट राइटर कृष पाठक और अभिनेत्री सारा खान दोनों अब सिर्फ लाइफ पार्टनर ही नहीं, बल्कि बिजनेस और क्रिएटिव पार्टनर भी बन चुके हैं। कपल ने मिलकर अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस शुरू किया है और फिलहाल कई रचनात्मक प्रोजेक्ट्स पर एक साथ काम कर रहे हैं। सारा और कृष इन दिनों एक फीचर फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं, वहीं अलग-अलग जॉनर के चार गाने भी तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा दोनों देश के कई शहरों में लाइव शोज के जरिए परफॉर्म भी कर रहे हैं। सारा खान ने बताया कि उनका सबसे बड़ा और खास प्रोजेक्ट एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म है, जिसकी



शूटिंग फरवरी महीने से शुरू होने वाली है। यह फिल्म उनके खुद के प्रोडक्शन बैनर के तहत बनाई जाएगी, जिसमें कई कलाकार नजर आएंगे। खास बात यह है कि इस फिल्म में सारा और कृष दोनों ही अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। अपने अनुभव साझा करते हुए सारा ने कहा कि उन्हें सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि वह अपने पसंदीदा इंसान के साथ सबसे ज्यादा समय बिता पा रही हैं। हालांकि, काम के दौरान कभी-कभी मतभेद और नोंकझोंक भी होती है, लेकिन यही चीज रिश्ते को और मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि एक-दूसरे के काम करने के तरीके को करीब से देखना उनके लिए बेहद दिलचस्प है। सारा ने यह भी कहा कि प्रोडक्शन हाउस शुरू करने का फैसला इसलिए लिया गया, क्योंकि वे जीवनसाथी होने के साथ-साथ प्रोफेशनल पार्टनर के तौर पर भी एक-दूसरे को बेहतर समझते हैं। जहां सारा बजट-फ्रेंडली और क्रिएटिव कंटेंट को प्राथमिकता देती हैं, वहीं कृष बड़े स्केल पर सोचते हैं। इसके बावजूद म्यूजिक के मामले में दोनों की सोच पूरी तरह मेल खाती है।

## नए साल में भी बढ़ता जा रहा धुरंधर का कलेक्शन

नए साल में बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह की धुरंधर फिल्म देखने वालों की संख्या फिर से बढ़ गई है और इस वजह से कलेक्शन भी पिछले दिनों से ज्यादा स्पीड से बढ़ता दिख रहा है। फिल्म ने पहले हफ्ते में 207.25 करोड़, दूसरे हफ्ते 253.25 करोड़ और तीसरे हफ्ते 172 करोड़ रुपये का बिजनेस किया। चौथे हफ्ते के पहले दिन यानी 22वें दिन 15 करोड़ रुपये कमाने के बाद फिल्म ने 23वें दिन 20.5 और 24वें दिन 22.5 करोड़ रुपये का कलेक्श किया। 25वें और 26वें दिन की कमाई 10.5 और 11.25 करोड़ हुई। 2025 के आखिरी दिन 31 दिसंबर को फिल्म की कमाई 11 करोड़ हुई।

यानी किसी भी दिन फिल्म का कलेक्शन दहाई के आंकड़ों से कम नहीं हुआ। अब आज फिल्म की कमाई 4-05 बजे तक 8.63 करोड़ रुपये हो चुकी है और टोटल कलेक्शन 731.88 करोड़ रुपये पहुंच चुका है। 225 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म 27 दिनों में वर्ल्डवाइड 1117.90 करोड़ रुपये कमा चुकी है। बता दें कि ये बजट फिल्म के दोनों पार्ट्स का है। यानी एक ही फिल्म में पूरे बजट का कई गुना निकाल चुकी फिल्म अब दूसरी फिल्म से जो भी कमाएगी वो सिर्फ और सिर्फ प्रॉफिट में काउंट होगा। राम चरण और जूनियर एनटीआर की फिल्म ने सभी भाषाओं में मिलाकर इंडिया में 782.2 करोड़ रुपये की कमाई की थी और वर्ल्डवाइड 1230 करोड़ रुपये कमाए।

इसके दोनों रिकॉर्ड अब धुरंधर के सामने खतरे में हैं। ये रिकॉर्ड कभी भी टूट सकते हैं। फिल्म में अक्षय खन्ना, संजय दत्त, सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल और आर माधवन भी हैं। रणवीर सिंह लीड रोल में हैं और आदित्य धर के डायरेक्शन में उन्होंने धुरंधर को अपने करियर की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बना दिया है। बता दें कि धुरंधर शानदार 27 दिन बिताने के बाद आज न्यू ईयर 2026 में एंट्री कर चुकी है और आज 28वें दिन भी फिल्म का कलेक्शन ऐसा हो रहा है जैसे फिल्म आज ही रिलीज हुई हो।



## चरागाह भूमियों को मुक्त करवाने और सीमाकंन की मांग



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** गौसेवकों व क्षेत्रवासियों ने उपखण्ड अधिकारी अजित सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंप कर उपखण्ड क्षेत्र की चरागाह भूमियों को मुक्त करवा कर सीमाकंन व संरक्षण करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के अधीन आने वाली चारागाह भूमियों पर भूमाफियाओं की ओर से अतिक्रमण कर रखा हैं। जिसकी वजह से गौवंश सहित अन्य मवेशियों के चरने का सकंट उत्पन्न हो गया हैं। गौशालाओं में रह रही गाय भी स्वतन्त्र रूप से विचरण करने के लिए चरागाह में अतिक्रमण के कारण घूम फिर नही सकती हैं। उच्चतम न्यायालय की ओर भी सन् 2011 में सभी राज्यों को चरागाह पर अवैध कब्जों को हटवाकर व अवैध कब्जेदारों को नियमित नही करने का आदेश दिया गया था। चरागाह पर भविष्य में पुनः अतिक्रमण न हो इसके लिए अतिक्रमियों को पाबन्द करने की मांग की गई।

## रात्रिकालीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** चांदजी की खेड़ी के रा. बा. उ. प्रा. विद्यालय में महादेव क्लब की ओर से आयोजित रात्रिकालीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि मोहन लाल धाकड़ व नरोत्तम धाकड़ की ओर से किया गया।प्रतियोगिता में 21 टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता टीम को 11हजार और उपविजेता टीम को 5 हजार रुपए व ट्रॉफी दी जाएगी।उद्घाटन मैच माल का खेड़ा व तिलस्वां के बीच खेला गया जिसमें तिलस्वां टीम विजय रही।आयोजक महादेव क्लब के लोकेश सेन, अभिषेक सोनी, महेन्द्र मेघवाल, मनोज सोनी, शैतान सिंह, रतन भाट, अशोक मेघवाल, राजा बाबू, पवन बैरागी, शिवकरण बैरागी, गोविंद शर्मा, नरेश धाकड़, नरेश मेघवाल, अनिल मेघवाल,गोपाल धाकड़,आरव सेन, कैलाश काला, राजेश कुमार बैरागी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार मां बेटा गम्भीर घायल



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के मनिया थाना क्षेत्र के दिल्ली मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर फूलपुर मोड़ के पास तेरह पुलिया के नजदीक बुधवार शाम करीब 5 बजे एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी हादसे में बाइक पर सवार युवक और उसकी मां गम्भीर रूप से घायल हो गई। देखते देखते हाइवे पर लम्बा जाम लग गया। घायलों को घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने मनियां सामान्य चिकित्सालय भेज दिया। डॉक्टरों ने गम्भीर हालात देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, डंपर को हिरासत में लेकर जाम खुलवाया। जानकारी के मुताबिक शंकरा का पुरा निवासी कृष्णा कुशवाह पुत्र अमरसिंह अपनी मां हीरदेई और पत्नी सीमा के साथ बाइक पर गांव से मनियां बाजार की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान तेरह पुलिया के नजदीक अचानक बाइक को पीछे से आ रहे तेज गति डंपर ने टक्कर मार दी, जिसके कारण मां बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गए एवं पत्नी को हल्की चोटें आई हैं।

## अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही, दो आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान की ओर से जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा आरपीएस के पर्यवेक्षण में व वृताधिकारी वृत शहर धौलपुर कृष्णराज जांगिड आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में सदर थानाधिकारी महेश मीना उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर टीम गठित कर टीमों की ओर से अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों से किशना उर्फ कृष्णा पुत्र श्रीलाल लोधा उम्र 20 साल निवासी डोंगरपुर थाना सदर धौलपुर, ऋषि (रिषी) पुत्र लोहरेराम कुशवाह उम्र 42 साल निवासी झील का पुरा थाना सदर धौलपुर जिला को गिरफ्तार किया जाकर उक्त मुल्जिमों के कब्जे से अवैध देशी शराब के 101 पव्वा को जप्त कर प्रकरण धारा आबाकारी अधिनियम में दर्ज किया गया है। अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# गांधी पार्क में कैनोपी का उद्घाटन, न्याय आपके द्वार अभियान की दी जानकारी

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव की ओर से न्याय आपके द्वार अभियान के तहत जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित शिकायतों के लिए गांधी पार्क में स्थित कैनोपी का उद्घाटन कर न्याय आपके द्वार अभियान की दी जानकारी। सचिव ने उपस्थित आमजन को बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर की ओर से लोक उपयोगी सेवाओं से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए न्याय आपके द्वार लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ और त्वरित समाधान अभियान 10 नवम्बर 2025 से 10 फरवरी 2026 तक चलाया जा रहा है। जहा आमजन के लिए लोक उपयोगी सेवाओं बिजली, पानी, परिवहन, डाक, बीमा, टेलीफोन, नगर निकाय, बैंककारी और वित्तीय संस्थाएं, आवासीय सेवाएं, लिकवीफाइड पेट्रोलियम गैस सेवाएं, शैक्षिक या शैक्षिणिक संस्थाएं, आवास और भू-संपदा सेवाएं से जुड़ी शिकायतें सरल और निःशुल्क तरीके से सुनी जाती हैं। यह विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत स्थापित एक स्थायी संस्था है, जो हर जिले में काम करती है। सचिव ने बताया कि रालसा के तीन माह का विशेष अभियान में प्रार्थी, विहित प्रारूप में अथवा सरल हस्त लिखित प्रार्थना-पत्र, रालसा के समर्पित मोबाइल नंबर 9119365734 पर सीधे व्हास्ट्एप पर प्रेषित करें। सहायता प्राप्त करने के लिए आवेदन-पत्र भरना अनिवार्य नहीं है बल्कि आवेदक हाथ से लिखा साधारण आवेदन पत्र भी सीधे प्रेषित कर सकता है। आवेदक को अपने प्रार्थना पत्र के साथ केवल मात्र अपना पहचान पत्र संलग्न कर सीधे मोबाइल नंबर 9119365734 पर प्रेषित करना होगा। रालसा के नोडल अधिकारी की ओर से त्वरित रूप से आपकी शिकायत, सीधे संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित की जाएंगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से समर्पित पीएलवी आपसे संपर्क करेंगे तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। रिपोर्ट के आधार पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से स्थायी लोक अदालत में आपके प्रकरण की निःशुल्क पैरवी हेतु एलएडीसी, पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया जाएगा। स्थायी लोक अदालत के निर्णय से आपको अवगत कराया जाएगा। रालसा द्वारा प्रतिदिन की शिकायतों, प्रार्थना-पत्रों की सीधे निगरानी की जायेगी। सचिव ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर 'न्याय सबके लिए' की भावना को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से आम नागरिकों को समय व धन की बचत के साथ त्वरित समाधान प्राप्त हो रहा है।

## व्यावसायिक शिक्षा की समस्त राशि का व्यय 3 दिवस में पूर्ण करें

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने समस्त जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से जिले के पीएमश्री विद्यालयों को आवंटित राशि का व्यय का प्रबंध पोर्टल पर अपडेशन, जिला रैकिंग सुधार एवं जर्जर भवन संबंधी कार्यो की मॉनिटरिंग करते हुए शत प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जाए। शाला संबलन टिकिट्स समाधान की प्रगति व शाला संबलन विद्यालय अवलोकन लम्बित न्यायालय प्रकरण, संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों की समीक्षा, अनुकम्पा नियुक्ति के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा, आरटीई प्रवेश/सत्र 2025-26 में भौतिक सत्यापन व पुनर्भरण पर समीक्षा, विभागीय व अन्य जाचों के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण, ईएलसी गठन व दिसम्बर माह में आयोजित समीक्षा बैठक के बैठक कार्यवाही विवरण पर चर्चा की गई है। सीडीईओ की ओर से निदेशक से जारी निर्देशों की शत प्रतिशत पालना के लिए सीबीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जर्जर भवनो के संबंध में चाही जा रही सूचनाए तत्काल उपलब्ध करायी जाए। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा जीतेन्द्र सिंह जादौन ने समस्त सीबीईओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर की ओर से पीएमश्री विद्यालयों को जारी बजट को एसएनए स्पर्श के माध्यम से व्यय किया जाना सुनिश्चित कराए और व्यय की गई राशि का गतिविधिवार प्रबंध पोर्टल पर अपडेशन 3 दिवस में कराया जाने के लिए निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक सुक्खो देवी रावत व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी पप्पू सिंह ने जर्जर भवनो के संबंध में चाही जा रही सूचनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा व एमडीएम संबंधी कार्यो के सम्पादन के लिए समस्त सीबीईओं को अर्ल्ट मोड पर रहने के लिए कहा। साथ ही समस्त सीबीईओ की ओर से अपने-अपने ब्लॉक की प्रगति रिपोर्ट ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक में रखी। अशोक कुमार उपाध्याय प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय सीडीईओं ने शासन सचिव की वीसी का ध्यान दिलाते हुए जिले की प्रगति को बढाने व जिन अधिकारियों की ओर से अपने वास्तविक यात्रा कार्यक्रम नही भेजे गये है उनको तत्काल भिजवाने की बात कही। अंत में सीडीईओ मंगल ने कहा जिले की प्रगति को बढाने का प्रयास हम सभी को एक साथ करना है। बैठक में कल्याण सिंह मीणा, सी.पी वशिष्ठ, हसंराज मीणा, पुरूषोत्तम राजपुरोहित, विजेन्द्र सिंह कोली, एडीईओं रमाकान्त शर्मा उपस्थित रहे।

## टीबी मुक्त भारत अभियान को मिली नई गति, निःशुल्क दवा वितरण शिविर

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** टीबी जैसी घातक बीमारी के उन्मूलन और टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय संकल्प को सशक्त आधार प्रदान करते हुए चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग धौलपुर और जीव दया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला क्षय रोग निवारण केंद्र पर निःशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा के निर्देशन में आयोजित यह शिविर न केवल एक स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम रही, बल्कि उन गरीब, असहाय एवं संसाधन-विहीन मरीजों के लिए जीवन रेखा बनकर सामने आई, जो आर्थिक अभाव के कारण उपचार को बीच में छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। कार्यक्रम में जीव दया फाउंडेशन के कोऑर्डिनेटर सूरज जाटव ने कहा कि जीव दया फाउंडेशन का उद्देश्य केवल दवाइयों का वितरण नहीं, बल्कि टीबी से पीड़ित प्रत्येक मरीज को संपूर्ण उपचार सुनिश्चित कराना है। उन्होंने कहा कि हम स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर टीबी को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी मरीज का इलाज संसाधनों के अभाव में बाधित न हो, यह हमारा संकल्प है। इस दौरान जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रेम सैनी ने जीव दया फाउंडेशन के इस मानवीय और सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब सामाजिक संस्थाएं सरकार के प्रयासों के साथ मजबूती से जुड़ती हैं, तभी टीबी जैसी गंभीर बीमारी का समूल नाश संभव हो पाता है। फाउंडेशन द्वारा वितरित की गई निःशुल्क दवाइयां जिले के दर्जनों टीबी मरीजों के लिए न केवल राहत बल्कि एक स्वस्थ भविष्य की उम्मीद बनकर सामने आई है।

## सड़क दुर्घटनाओं में आतंकी घटनाओं से ज्यादा मृत्यु पर निबंध प्रतियोगिता

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** सड़क सुरक्षा व राज्य मंत्रालय भारत सरकार के आदेश की पालना में जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर की ओर से मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि विभाग की ओर से केशव दास विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय तोर धौलपुर में विद्यालय के छात्रों के बीच यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया तथा छात्रों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने कहा कि प्रतिवर्ष आतंकी घटनाओं में मरने वालों से कहीं ज्यादा संख्या सड़क दुर्घटनाओं में अकाल मृत्यु हो जाने वालों की है। उन्होंने कहा कि जागरूकता के माध्यम से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। विभाग की ओर से विद्यालय स्तर पर आयोजन करने के पीछे उद्देश्य यह है कि विद्यालय जीवन में सिखाई गई बातें हमेशा याद रहती है। आज आप यातायात नियमों की पालना की आदत डाल लेंगे तो सदैव आप यातायात नियमों की पालना करेंगे और अपने जीवन को सुरक्षा प्रदान करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक श्रीभगवान त्यागी ने कहा कि परिवहन विभाग की ओर से समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से विद्यालय के छात्रों को जो जागरूकता प्रदान की जाती है। वह काबिले तारीफ है। इस प्रकार के आयोजन प्रति माह होते रहने चाहिए। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों का आयोजन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय सीख से सुरक्षा टेक्नोलॉजी से परिवर्तन रहा। इस अवसर पर यातायात विभाग की ओर से यातायात पुलिस कर्मियों की ओर से यातायात संकेतों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर दाऊजी शर्मा, दिलीप सिंह चाहर, अजय मुदगल व दाताराम त्यागी आदि मौजूद रहे।

## राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव का जन्मदिवस मनाया

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव का जन्मदिवस जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ, धौलपुर की ओर से बाड़ी स्थित जैनब गार्डन में सादगी व संगठनात्मक एकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सोनू यादव की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सोनू यादव ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव का नेतृत्व ओबीसी समाज के अधिकारों की रक्षा और संगठन को सशक्त बनाने के लिए सदैव मार्गदर्शक रहा है। उनका जीवन सामाजिक न्याय, समानता और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित है। हम सभी कार्यकर्ता उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य व सफल नेतृत्व की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव पिछड़े व वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाती रही है और ओबीसी समाज के हितों के लिए संगठन एकजुट होकर संघर्ष करता रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव का जन्मदिवस मनाया तथा उनके प्रति शुभकामनाएँ व सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम में लाखन सिंह यादव, परवेज पठान जिला अध्यक्ष यंग ब्रिगेड सेवादल, हरी पहाड़िया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शकील कुरैशी, जगन्नाथ कोली, रामधर गुर्जर अजय बिलोनिया, इकबाल सैफी, दीपक पराशर, रमजानी नरेंद्र यादव संसार पठान महादेवा मीणा केशव मीणा, अभि बेसल, पीयूष गुर्जर आकाश चंदेला, जिला कांग्रेस कमेटी व ओबीसी प्रकोष्ठ के विभिन्न पदाधिकारी, ब्लॉक व मंडल स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन की मजबूती और सामाजिक न्याय के संकल्प के साथ किया गया।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. नगर खण्ड - तृतीय, जयपुर**

क्रमांक- 5346 दिनांक 30.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 79 / 2025-26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा का कार्य | - | निर्माण एवं मरम्मत का कार्य । |
| 2 | कार्यों की संख्या | - | 4 works |
| 3 | निविदा की कुल लागत (रूपयों में) | - | 3.06 Lac |
| 4 | धरोहर राशि | - | 6120.00/- |
| 5 | निविदा प्रपत्र बिक्री की अन्तिम तारीख | - | 05.01.26 |
| 6 | निविदा प्रपत्र जमा कराने की तारीख | - | 06.01.26 |
| 7 | निविदा खोलने की तारीख | - | 06.01.26 |

| NIT S. NO. | UBN NO. |
|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB19682 |
| 2 | PWD2526WSOB19683 |
| 3 | PWD2526WSOB19684 |
| 4 | PWD2526WSOB19685 |

DIPR/C/47/2026

(पवन कुमार कुलश्रेष्ठ)
अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि नगर खण्ड तृतीय जयपुर

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड जोबनेर**

क्रमांक : अ.अ./खण्ड / जोबनेर / 2025-26/1499 दिनांक :- 29-12-2025

**निविदा सूचना सख्यां - 59 / 2025 2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यों हेतु नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में इस विभाग में पंजिकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के समकक्ष श्रेणी में पंजिकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है ।

निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 12.01.2026 तक को दोपहर 2:00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किये जा सकतें है । वेबसाईट पर तकनिकी विड दिनांक 13.01.2026 को इस कार्यालय में दोपहर 2:00 बजे खोली जायेगीं। राजस्थान सरकार, वित्त (जी एण्ड टी) विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 6 ( 5 ) वित / साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई प्रोक्यूमेन्ट पोटल पर ई निविदाओं प्रेषण के लिए एक ही चालान से बोली दस्तावेज मुल्य ( टेंडर फि) बिड सक्यूरिटी ( ई एम डी ) एवं आर आई एस एल फिस को ऑन लाईन ई ग्रास सिस्टम के माध्यम से जमा करवाना आवश्यक है ।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि / प्रक्रिया शुल्क एवं निविदाओं से सम्बंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट www. eproc. rajasthan.gov.in/www.dipronline.org पर देखे जा सकते है।
Office ID - 41829

DIPR/C/110/2026

अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागा
खण्ड - जोवनेर

भाग 1 ( ख )
महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञाये ।

**सार्वजनिक निर्माण विभाग (पथ) राजस्थान जयपुर**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

अन्तर्गत भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और
( पारदर्शिता अधिकार अधिनियम)
(RFCTLARR ACT - 2013 के अनुभाग - 11 के अनुसार )

Rajkaj No 19520043 प्राधिकृत अधिकारी, भूमि अवाप्ति जयपुर जिले के उपखण्ड क्षेत्र दूदू में (1) ग्राम साखून में बाईपास निर्माण कार्य (किमी 5.00) में सक्षम प्राधिकारी (भूमि आवाप्ति) एवं उपखण्ड अधिकारी दूदू को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजन के लिऐ पटवार मण्डल साखून तहसील दूदू जिला जयपुर में ग्राम साखून में 7.4365 हैक्टेयर निजी भूमि की आवश्यकता है ग्राम साखून में बाईपास निर्माण कार्य (5 किमी) निर्माण कार्य के दौरान भूमि अवाप्ति के हेतु परिवर्तित बजट वर्ष 2025-26 की सैद्धान्तिक सहमति संयुक्त सचिव (पथ) सार्वजनिक निर्माण विभाग, राज0 जयपुर के पत्रांक एफ. 7 (324) / एएण्डएफ / अनु-2/2024-25 / डी-2304 दिनांक 26/03/2025 द्वारा राषि रू. 14.50 करोड़ बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा संख्या 172.73 / 2025-26 की सैद्धान्तिक सहमति प्राप्त हुई है (2) Construction work 02 lane Road for Approach of New Sakhoon DFCCIL Station (2.30 किमी ) 2.7656 हैक्टेयर निजी भूमि की आवश्यकता है निर्माण कार्य के दौरान भूमि अवाप्ति हेतु परिवर्तित वजट वर्ष 2024-25 की घोषणा सख्या 28.6 / 2024-25 के तहत वित्तीय स्वीकृति श्रीमान् संयुक्त सचिव (पथ) सार्वजनिक निर्माण विभाग, राज0 जयपुर के पत्रांक एफ.7 (324) / एएण्डएफ / अनु-2 / 2024-25 / डी-1533 दिनांक 25/12/2024 द्वारा राषि रु.8.00 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई हैं। उक्त दोनो कार्यों के लिए कुल निजी भूमि आवाप्ति क्षेत्रफल 10.2021 हैक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। 'सामाजिक प्रभाव आंकलन SIA कमेटी द्वारा किया गया था और एक रिपोर्ट प्रस्तुत / प्रारंभिक जांच सक्षम प्राधिकारी (भूमि आवाप्ति) एवं उपखण्ड अधिकारी के कमांक 830 दिनांक 11.12.2025 द्वारा सामाजिक प्रभाव आंकलन रिपोर्ट / प्रारंभिक जांच का सारांश इस प्रकार है ।
नोटः- SIA यहां RFCTALRR ACT 2013 के खण्ड 17 के अनुसार बैठक में दोनों स्थानों पर सर्वसहमति से भूमि अवाप्ति की सहमति दी गई ।

Scan me!

DIPR/C/144/2026

(प्रकाश चन्द)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड, दूदू

## एसडीएम ने गौण मंडी का निरीक्षण किया



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बुधवार को कस्बे की गृह विकास सहकारी समिति गौण मंडी का निरीक्षण किया। एसडीएम राजेंद्र कुमार ने कृषि उपज मंडी खरीद प्रभारी हरदयाल सहारण व खरीद ठेकेदार महेश कुमार से मूंग व मुंगफली की तूलाई संबंधी जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित किसानों से उनकी समस्या खरीदने आने वाली दिक्कतों के बारे में पूछा और मौके पर उपस्थित कार्मिकों को निर्देश दिए कि उक्त तुलाई कार्य नियमानुसार करें। किसानों को उसी दिन बुलाया जाए जिस दिन उनकी फसल की खरीद होनी है।

# लक्ष्मणगढ़ ने खोया अपना 'हीरा', दिलसुखराय चौधरी को सर्वसमाज ने दी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स





**लक्ष्मणगढ़(निस)।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसायी, किसानों के मसीहा और समाजसेवा को जीवन का ध्येय बनाने वाले दिलसुखराय चौधरी के निधन से लक्ष्मणगढ़ सहित समूचा शेखावाटी अंचल शोकाकुल है। उनके देहावसान पर गुरुवार को चौधरी पेट्रोल पंप परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सर्वसमाज के लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।सभा में वक्ताओं ने स्व. चौधरी के निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि वे सहज, सौम्य और प्रेरणादायी व्यक्तित्व के धनी थे। उनके सामाजिक, राजनीतिक और मानवीय कार्यों ने समाज को नई दिशा दी।इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का ऑडियो संदेश भी सुनाया गया, जिसमें उन्होंने दिलसुखराय चौधरी को स्मरण करते हुए कहा कि नगर ने एक हीरा खो दिया है। वक्ताओं ने बताया कि चौधरी का जन्म वर्ष 1948 में एक साधारण किसान परिवार में हुआ। जसरासर पंचायत के सरपंच पद से शुरू हुआ उनका सार्वजनिक जीवन वर्ष 1990 में नवीं विधानसभा के सदस्य बनने तक पहुंचा। वे संसदीय परामर्शदात्री व गृह समिति राजस्थान विधानसभा के सदस्य, राजस्थान किसान यूनियन के अध्यक्ष, लोकदल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और नरोदड़ा ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे। सभा में वक्ताओं ने कहा कि चौधरी सदैव आमजन के सुख-दुख में सहभागी रहे। उनके पेट्रोल पंप पर जरूरतमंदों के लिए भोजन, पानी और विश्राम की व्यवस्था रहती थी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना होने पर वे स्वयं सहायता के लिए मौके पर पहुंच जाते थे। ईमानदारी, सादगी और स्पष्टवादिता उनके जीवन की पहचान थी। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दिनेश जोशी, विनायक स्कूल के निदेशक नवरंग चौधरी, ब्रह्मदत्त शर्मा, प्राचार्य मदन ढाका, रामस्वरूप महला, शिवकुमार लुनिवाल, शिवबख्श पटवारी, सुरेंद्र भास्कर, हरिराम जांगिड़, लक्ष्मण सिंह, जोगेंद्र पिपराली, राजपाल चौधरी, महेंद्र ताखर, प्रो. घासीराम, दीनदयाल पचार, हरलाल धायल, रामरतन सिहाग, महेंद्र डोरवाल, शिशुपाल स्वामी सहित अनेक नागरिकों ने अपने संस्मरण साझा किए।कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र खीचड़ ने किया। अंत में उपस्थित जनसमूह ने दिलसुखराय चौधरी के सेवा, करुणा और मानवता से परिपूर्ण जीवन को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## तेरापंथ धर्म संघ का 2027 दिल्ली चातुर्मास, सेवार्थ मालू परिवार ने की 21करोड की घोषणा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** आगामी वर्ष 2027 में तेरापंथ धर्म संघ के 11वें अधिशास्था आचार्यश्री महाश्रमणजी का चातुर्मास आयोजन देश की राजधानी दिल्ली में फरमाया हुआ है। जिसकी तैयारियों को लेकर तेरापंथ धर्म संघ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। ज्ञात रहे कि हाल ही में अहमदाबाद में चातुर्मास संपन्न कर आचार्य श्री अपनी धवल सेना के साथ-साथ वर्ष 2026 के चातुर्मास के लिए लाडनूं पधारने वाले हैं। वहां चौमासा संपूर्ण कर दिल्ली 2027 चातुर्मास के लिए विहार करेंगे। तब गुरुवार 2027 फरवरी अंत में लगभग 1 माह के लिए तेरापंथ धर्म संघ की राजधानी सरदारशहर में विराजित रहेंगे। तेरापंथ धर्म संघ के अनुयाई देश की राजधानी दिल्ली में आचार्यश्री की ओर से घोषित 2027 चातुर्मास के लिए अभी से तैयारी में जुट चुके हैं। इसके लिए तीन फरवरी को सरदारशहर दानवीर भामाशाह सेठ मूलचंद मालू के आवास पर मीटिंग का आयोजन रखा गया। जिसमें चातुर्मास के लिए व्यवस्थाओं व अर्थ संग्रह के लिए विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें एनआरआई उद्योगपति दुबई प्रवासी डॉ विकास मालू ने तेरापंथ धर्म संघ की सबसे बड़ी सहयोग राशि 21 करोड रुपए देने की घोषणा की। मीटिंग में उपस्थित सभी महानुभावों ने ओम अर्हम की ध्वनि के साथ उनका अभिवादन किया।

## तीन दिवसीय गुणवत्ता नियंत्रण व गुणवत्ता आश्वासन प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिले के राजगढ़ ब्लॉक में स्वयं सहायता समूहकी महिलाओं के लिए तीन दिवसीय गुणवत्ता नियंत्रण व गुणवत्ता आश्वासन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस पहल के तहत 5 से 7 जनवरी 2026 तक चला। इसका आयोजन आयुक्त उद्योग, वाणिज्य और सीएसआर विभाग की ओर से किया गया था। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य एसएचजी की महिला सदस्यों को गुणवत्तापूर्ण मार्केटिंग, ब्रांडिंग और बाजार की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना था। इस कार्यक्रम में राजगढ़ ब्लॉक की कुल 30 एसएचजी महिला सदस्यों ने भाग लिया। लोकपाल लालचंद ने एक दिन महिलाओं का मार्गदर्शन किया। प्रतिभागियों को उत्पाद की पहचान बढ़ाने, बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए प्रभावी रणनीतियाँ तैयार करने और आय सृजन के नए अवसरों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, महिलाओं का आगामी व्यवसाय के लिए उद्यम पंजीकरण भी कराया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियाज़ मोहम्मद गहलोत ने महिलाओं का सम्मान किया। एमएसएमई मित्र जगदीश प्रसाद प्रजापत और प्रशिक्षक आराधना शर्मा ओर रिहाना पठान ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। यह प्रशिक्षण एसएचजी महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग करने, बाजार में मजबूत पहचान स्थापित करने और आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में सहायक होगा।

## नैनासर टोल प्लाजा की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग

### कर्मचारियों पर लगाया अभद्रता का आरोप, एसडीएम को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के तारानगर रोड पर गांव नैनासर टोल प्लाजा में कार्यरत कर्मचारियों के खिलाफ अनियमितता व सही व्यवहार नहीं करने को लेकर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव किशनलाल सींवर के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन देकर नैनासर टोल प्लाजा की व्यवस्थाओं में सुधार करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि नैनासर टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारी यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और आसपास के गांव की गाड़ियों का टोल फ्री होने के बाद भी यहां के कर्मचारी उनसे टोल की अवैध वसूली करते हैं। वहीं टोल प्लाजा पर साफ सफाई की व्यवस्था भी सही नहीं है। टोल प्लाजा पर कार्यरत दिन और रात्रि के कर्मचारियों की ओर से यहां से आने और जाने वाले वाहन चालकों के साथ व्यवहार सही नहीं किया जाता है। जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि पांच दिनों में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो नैनासर टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

## सरदारशहर की बेटी लतिका सैनी का आरजेएस में चयन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के अभिभाषक संघ की सदस्य व एडीजे धनपत माली की पुत्री लतिका सैनी का आरजेएस में चयन होने पर शहरवासियो में खुशी का माहौल है। सरदारशहर अभिभाषक संघ की सदस्य होने से सभी अधिवक्ताओं में भारी उल्लास देखा गया। इनके पिता धनपत माली वर्तमान में बीकानेर में एडीजे के पद पर नियुक्त है। लतिका सैनी के दादाजी नेमीचन्द सैनी चूरू जिला वरिष्ठ वकील रहे हैं। इनका परिवार वकालत व न्यायिक सेवा में हमेशा ये जुड़ा रहा है। वर्तमान में इनके परिवार में पांच अधिवक्ता हैं। इनकी दो छोटी बहनें मोनिका सैनी व सोनु सैनी भी वर्तमान में सरदारशहर में वकालत कर रही हैं। जानकारी एडवोकेट जगदीश प्रसाद माली व भाई एडवोकेट नवनीत सैनी ने दी हैं।

## सर्दी से बचाव की अच्छी पहलः रेलवे स्टेशन पर 100 रजाइयों का वितरण

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के श्री लोकरंजन परिषद की ओर से भामाशाहों के सहयोग से मंगलवार रात्रि को रेलवे स्टेशन परिसर में असहाय व जरूरतमंद परिवारों के लिए रजाई वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा कार्य के अंतर्गत दिल्ली प्रवासी एवं सीए दिलीप सोनगरा के सहयोग से कुल 100 रजाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ठंड से जूझ रहे गरीब, बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों को रजाइयां प्रदान कर उन्हें राहत पहुंचाई गई। लोकरंजन परिषद के उपाध्यक्ष शोभाकांत स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि परिषद की ओर से हर वर्ष कड़ाके की ठंड के मौसम में भामाशाहों के सहयोग से इस प्रकार के सेवा कार्य नियमित रूप से किए जाते हैं ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड के कारण पीड़ित न हो। उन्होंने बताया कि इस साल 1100 रजाइयों का वितरण लोकरंजन परिषद् की ओर से किया जा चुका है। संस्था की ओर से गर्मियों के मौसम में निःशुल्क ठंडे पानी की व्यवस्था और मरीजों के लिए हर समय ऑक्सीजन के सिलेंडर संस्था में उपलब्ध रहते हैं। उन्होंने भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सक्षम वर्ग का इस तरह आगे आकर सहयोग करना मानवता की सच्ची मिसाल है। परिषद का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है और भविष्य में भी ऐसे जन कल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे। रजाई वितरण कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही और जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत व संतोष देखने को मिला। कार्यक्रम में शंभुदयाल पारीक, शंकर प्रेमाणी, रामलाल सुथार, अभिषेक पारीक, ओमप्रकाश तिवाड़ी, गजानंद पांडिया सहित संस्था के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## केकेसी पीजी महाविद्यालय में केपीएल-13 का आगाज

### क्रिकेट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जीत के लिए बहाया पसीना

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के केकेसी पीजी महाविद्यालय में स्पोर्ट्स वीक के अंतर्गत केकेसी प्रीमियर लीग केपीएल-13 का शुभारंभ क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन बीए वॉरियर्स एवं बीसीए पैंथर्स के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया। जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बीए वॉरियर्स की टीम ने निर्धारित दस ओवरों में 123 रन बनाकर बीसीए पैंथर्स को चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बीसीए पैंथर्स की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र सात ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। बीसीए पैंथर्स की ओर से शाहिद ने सर्वाधिक 44 रन बनाकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
मैच में निर्णायक की भूमिका देवीलाल सारण व सुरेन्द्र कुमार ने निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रदीप चौहान ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का भी विकास करते हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजन को लेकर केपीएल 13 के संयोजक पुनीत वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे सप्ताह विभिन्न आउटडोर एवं इनडोर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिनमें महाविद्यालय के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। केपीएल 13 के शुभारंभ के साथ ही महाविद्यालय परिसर में खेल भावना, उत्साह व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला।

## भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर ने शुरू की भूख हड़ताल



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा नेताओं और पार्षदों का धरना नगरपरिषद कार्यालय के सामने लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने पर भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। इस दौरान वैद्य भंवरलाल शर्मा, भाजपा नेता प्रहलाद जाखड़, रूपाराम गुलेरिया, पवन माहेश्वरी, बुद्धिप्रकाश सोनी, प्रकाश भार्गव, सौभाग कंवर, पुरूषोतम शर्मा, हरीओम खोड़, रविन्द्र पांडे, पन्नालाल सोनी, प्रेमप्रकाश स्वामी, रेंवतमल पंवार, अशोक तिवाड़ी, पंकज घासोलिया, ओमप्रकाश बोहरा, सुरेंद्र बोहरा, राकेश प्रजापत, गणेश मंडावरिया आदि लोग धरने पर मौजूद रहे। लोगों ने दोहराया की चापटिया तलाई से ही ड्रेनेज के कार्य की शुरूआत की जावे। दूसरी ओर पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल भी धरने पर पहुंचे और धरना दे रहे भाजपा नेताओं से बात की। पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने धरनार्थियों के मुद्दों को सुनकर एडीएम से बात की और कहा कि भाजपा के शासन में भाजपा के पार्षद धरने पर बैठे हैं, आप इनकी सुध लीजिए। जिस पर एडीएम ने कहा कि मैं अवकाश पर हूं, एसडीएम से बात करके समाधान करवाता हूं।

## डीबी अस्पताल में लगे कचरे के ढ़ेर, मरीज परेशान

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिले के सबसे बड़े डीबी अस्पताल स्थित ट्रोमा सेंटर के सामने लगे कचरे के ढ़ेर से आमजन की जान जोखिम में हैं। गौरतलब है कि रिहिबलीटेशन सेंटर व मोर्चरी के पास पिछले करीब 15 दिनों से लगे कचरे के ढ़ेर से आमजन का हाल-बेहाल है। बता दें कि इस कचरे के ढ़ेर के कारण अस्पताल में आने वाले मरीज और अधिक बीमार होकर जाते हैं और कोई न कोई नयी बीमारी साथ लेकर जाते हैं। इस गंदगी से न केवल मरीजों और परिजनों को परेशानी होती है, बल्कि यहां के डॉक्टरों और स्टॉफ सदस्यों का भी हाल-बेहाल है, क्योंकि यह गंदगी अत्यधिक बदबू मारती है। जिससे यहां खड़ा रहना भी काफी मुश्किल है।

## ट्रेक्टर को स्क्रैप पॉलिसी से मुक्त करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** प्रदेश में लागू होने वाली नई वाहन स्क्रैप नीति से कृषि उपकरणों को मुक्त रखे जाने की मांग राष्ट्रीय जाट महासभा ने की है। राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक ने कहा है कि कृषि उपकरणों में मुख्यतया ट्रेक्टर किसानों का काफी महत्वपूर्ण उपकरण है, जिसे सड़क पर आते ही वाणिज्यिक वाहन मान लिया जाता है। अगर नई वाहन स्क्रैप पोलिसी लागू होने पर ट्रैक्टर को भी स्क्रेप घोषित किया जाता है, तो यह किसानों के साथ अन्याय है। किसानों को राहत प्रदान करने के लिए हमारी मांग है कि कृषि वाहन मुख्यतया ट्रेक्टर को स्क्रेप पोलिसी से बाहर रखकर किसानों को राहत प्रदान की जाए। कीलक ने कहा कि सरकार नई स्क्रेप पोलिसी पर फिर से विचार कर किसानों को राहत प्रदान करे।

## हजारों महिलाओं ने लिया नशामुक्ति रैली में भाग, चंपालाल महाराज पर लोगों ने की पुष्पवर्षा

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय एन के लोहिया स्टेडियम से बुधवार को विशाल नशा मुक्ति रैली निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मसानिया भैरव धाम-राजगढ़ अजमेर के मुख्य उपासक चंपालाल महाराज दोपहर में करीब साढ़े बजे भक्तों के बीच पहुंचे, जिसके साथ ही रैली शुरू हो पाई। लोहिया स्टेडियम से शुरू हुई रैली में हजारों की संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा के रूप में भाग लिया। गोपालपुरा प्रशासक सविता राठी ने बताया कि मसाणिया भैरव धाम स्थित मनोकामना स्तंभ की 23 वीं वर्ष गांठ के उपलक्ष में यह रैली निकाली गई। गाज बाजे के साथ निकाली गई रैली में चंपालाल महाराज रथ पर सवार होकर चल रहे थे। वहीं शहर भर में स्वागत द्वार बनाए गए। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर लोगों ने स्वागत किया। ईदगाह मस्जिद के पास जेसीबी पर बैठे श्रद्धालुओं ने महाराज पर और उसके बाद कलश यात्रा पर पुष्पवर्षा की। रैली के दौरान नशामुक्ति का संदेश देते हुए हाथों में तख्तिया लिए हुए महिलाएं भी चल रही थीं। वहीं अगुवाई में सभापति निलोफर गौरी, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच आदि भी रैली में शामिल हुए। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा, डीएसपी दरजाराम बोस, सीआई बैगाराम मीणा भी प्रशासन की ओर से तैनात रहे। वहीं एहतियात के तौर पर बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता भी रैली के दौरान साथ में मौजूद रहा। रैली का विसर्जन रेलवे स्टेशन के पास हुआ, जहां पर विशल सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भजन गायक अनिल मुंडेल, सुनीता स्वामी, राजकुमार स्वामी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। वहीं चंपालाल महाराज ने उपस्थित लोगों से कहा कि हमें नशामुक्त भारत बनाना है। वहीं कार्यक्रम में शामिल रहे केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि नशामुक्ति का संदेश घर-घर तक पहुंचना आवश्यक है। क्योंकि नशामुक्ति होने पर ही पूर्णतया स्वस्थ भारत का निर्माण हो सकता है। कार्यक्रम में विधायक मनोज मेघवाल, आरएसएस प्रचारक निम्बाराम, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, पूर्व प्रधान मनभरी देवी मेघवाल भी शामिल हुए। वहीं अतिथियों का स्वागत पूर्व सरपंच केसरसिंह राजियासर, विनोद गोठड़िया, दिनेश पीपलवा, सविता राठी, पवन माहेश्वरी, विनय माटोलिया, गजानंद दाधीच, एडवोकेट मनीष दाधीच, रिछपाल बिजारणिया, नरेंद्र भाटी, भंवरलाल, विजयसिंह आदि ने किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरुवार
8 जनवरी, 2026

# सादुलपुर पुलिस की सनसनीखेज कार्रवाई : 10 लाख की हरियाणा निर्मित महंगी शराब जब्त, 6 तस्कर गिरफ्तार, 2 स्विफ्ट कारें सीज

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर/राजगढ़(निस)।** अवैध शराब तस्करी के खिलाफ सादुलपुर पुलिस ने बड़ी और सनसनीखेज कार्रवाई को अंजाम देते हुए हरियाणा निर्मित महंगी ब्रांड की करीब 10 लाख रुपए मूल्य की शराब जब्त की है। इस दौरान पुलिस ने 6 तस्करों को गिरफ्तार कर दो स्विफ्ट कारें भी जब्त की हैं। पूरी कार्रवाई एनएच-52 चूरू हिसार रोड पर देर रात हाई-स्पीड चेज के बाद हुई, जिससे तस्करों में हड़कंप मच गया। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्ती से रोक लगाने के लिए महानिरीक्षक पुलिस, बीकानेर रेंज से मिले दिशा-निर्देशों के तहत यह अभियान चलाया गया। उनके निर्देश पर 6 जनवरी 2026 की रात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ रिछपाल सिंह चारण, सहायक पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अभिजीत सिंह पाटिल के सुपरविजन में और थानाधिकारी राजगढ़ राजेश कुमार के नेतृत्व



में पुलिस टीम ने एनएच-52 पर नाकाबंदी की।

## नाकाबंदी तोड़कर भागे तस्कर, पुलिस ने किया पीछा

नाकाबंदी के दौरान हिसार की ओर से तेज रफ्तार से आ रही एक स्विफ्ट कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक नाकाबंदी तोड़कर भाग निकला। उसके पीछे-पीछे चल रही दूसरी स्विफ्ट कार ने भी भागने की कोशिश की। पुलिस ने तत्काल दोनों कारों का पीछा किया। इस दौरान आगे चल रही कार से एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, हालांकि बाकी तस्करों को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पुलिस थाना राजगढ़ में प्रकरण संख्या 1.0/2026 के तहत धारा 19/54 व 54(क) राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। शराब कहां से लाई गई और कहां सप्लाई की जानी थी, इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है।

### 197 बोतलें बरामद, एस्कॉर्ट कार भी पकड़ी:

तलाशी के दौरान स्विफ्ट कार नंबर त्पत्रिका 24, 6505 की डिग्गी से हरियाणा निर्मित महंगी शराब की 197 बोतलें (करीब 16 कार्टन) बरामद की गईं, जिनकी बाजार कीमत लगभग 10 लाख रुपए आंकी गई है। वहीं स्विफ्ट कार नंबर त्पत्रिका 03 स्र 3484 शराब से भरी गाड़ी को एस्कॉर्ट कर रही थी। पुलिस ने मौके से दोनों कारें और शराब जब्त कर ली।

### यह है गिरफ्तार आरोपी:

कैलाश (22) पुत्र घुडाराम, विश्नोई - निवासी माणकी, थाना सेडवा, जिला बाड़मेर नरपत लाल (19) पुत्र बाबूलाल, रावला राजपूत - निवासी वार्ड 21, इंदिरा कॉलोनी, सांचौर, जिला जालौर राजूराम (21) पुत्र जोगाराम, सैन - निवासी झाब, थाना झाब, जिला जालौर ओमप्रकाश (33) पुत्र भागीरथ, विश्नोई - निवासी हाडेतर, थाना सांचौर, जिला जालौर रविंद्र कुमार (20) पुत्र ओमप्रकाश, विश्नोई - निवासी बावरला, थाना सांचौर, जिला जालौर राजू (21) पुत्र लादूराम, विश्नोई - निवासी वार्ड 21, इंदिरा कॉलोनी, सांचौर, जिला जालौर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी।

# अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि पर 30 यूनिट रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजकीय भरतिया अस्पताल के ब्लड बैंक में डॉ रवि अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ एमएम पुकार व डीबी अस्पताल अधीक्षक डॉ दीपक चौधरी ने डॉ रवि अग्रवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर डॉ एमएम पुकार ने कहा कि 1997 में डॉ रवि अग्रवाल ने इस ब्लड बैंक की नींव रखी थी। जिसके कारण काफी संख्या में मरिजो को इसका फायदा मिल रहा है। इस ब्लड बैंक की स्थापना करने में डॉ रवि अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका थी। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ आशीष कुल्हरी ने बताया कि अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि पर 30 यूनिट रक्तदान किया गया और आगे भी इस तरह के शिविर जारी रहेंगे। इस अवसर पर डॉ गोपाल ढाका, तनवीर खान, धीरज शर्मा, शकील, कुलदीप, प्रबल, दिलीप, महमूद अली, जयपाल, जीतू कुमारी, दीपक सहित अनेक स्टाफ सदस्यों उपस्थित रहे।

# राम कथा: राम नाम की महिमा का वर्णन



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के वार्ड संख्या 5 स्थित चैतन जी बाड़ी बाबाजी की बगीची में मानसा माता मंदिर परिसर में आयोजित राम कथा के चौथे दिन बुधवार को कथा व्यास पं. हनुमान महाराज ने राम नाम की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा वाचन के दौरान पं. हनुमान महाराज ने कहा कि राम नाम की महिमा समय के साथ निरंतर बढ़ती जाती है, यह कभी कम नहीं होती। उन्होंने प्रभु श्रीराम के कथन राम से बड़ा राम का नाम का उल्लेख करते हुए कहा कि जब स्वयं भगवान यह कहते हैं, तो इसकी सत्यता पर किसी प्रकार का संदेह नहीं रह जाता। राम नाम ही मानव जीवन का वास्तविक आधार है। कथा व्यास ने बताया कि राम केवल एक नाम नहीं, बल्कि सर्वोच्च मंत्र हैं, जिनका स्मरण व्यक्ति को भवसागर से पार लगाने में सहायक होता है। कथा के दौरान श्री 1008 श्री डेनीदास महाराज, स्वामी हरिदास, बालक दास, श्याम दास व राम दास ने विधिवत रूप से व्यास पीठ की पूजा-अर्चना की।

# लक्ष्मणगढ़ आनन्द फागण महोत्सव 27 फरवरी को



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शेखावाटी अंचल में सेवा, परोपकार व सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए कार्यरत व सीकर जिला प्रशासन से सम्मानित संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से आगामी 27 फरवरी को रात्रि 8 बजे से धांसू फागणिया धमाल व ढप नृत्य की शेखावाटी स्तरीय प्रतियोगिता लक्ष्मणगढ़ आनंद फागण महोत्सव आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के चैयरमेन महेश कुमार बागड़ी ने बताया कि आयोजित लक्ष्मनगढ आनंद फागण महोत्सव प्रतियोगिता में शेखावाटी अंचल की सुप्रसिद्ध ढप मंडल की टीमों को आमंत्रित किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता व सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर शेखावाटी अंचल के लोक कलाकारों को शेखावाटी स्तरीय संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी स्मृति लोक कला अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में टीमों को आमंत्रित करने, अवार्ड के लिए चयन, निर्णायक, अतिथि व व्यवस्था व आयोजन समिति आदि का गठन किया जाएगा। समिति के मंत्री बाबूलाल सैनी ने बताया कि ट्रस्ट के चैयरमेन के निर्देश पर जल्द ही ट्रस्ट की मीटिंग आयोजित कर प्रतियोगिता के लिए अलग अलग जिम्मेदारी तय की जाएगी और प्रतियोगिता के लिए आवश्यक रूपरेखा तय की जाएगी।

# सीएमएचओ गुर्जर ने सीएचसी गुढ़ा गोड़ज़ी का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुढ़ा गोड़ज़ी का निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डॉ गुर्जर ने शीतलहर के चलते अस्पताल में ओपीडी आईपीडी मरीजों के लिए ठंड से बचाव के लिए कम्बल, हीटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए साथ दवाओं की उपलब्धता जांची। सीएमएचओ ने वार्डो में भर्ती मरीजों से बात कर सेवाओं का फीडबैक लिया। सीएमएचओ डॉ गुर्जर अस्पताल में मा योजना में पैकेज बढ़ाने के निर्देश दिए साथ ही संस्थागत प्रसव बढ़ाने को कहा। उन्होंने लाडो योजना के बकाया भुगतान करवाने और भविष्य में डिस्चार्ज के समय ही भुगतान करने के निर्देश। उन्होंने टीबी मरीजों के लिए स्क्रीनिंग के लिए टीम बनाकर स्क्रीनिंग कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

# तोदी पीजी कॉलेज में अंतर महाविद्यालय महिला साफ्टबाल प्रतियोगिता का समापन




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के तत्वावधान में दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय साफ्टबाल (महिला वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल आठ महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने बताया कि प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में ग्रामीण महिला महाविद्यालय, सीकर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि मेजबान श्रीभगवानदास तोदी महाविद्यालय, लक्ष्मणगढ़ की टीम उपविजेता रही।प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक राजेन्द्र सिंह, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नाथावत, प्रबंध समिति सचिव आशकरण शर्मा तथा प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत ने विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान किए।प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक की भूमिका नन्द लाल दिवाकर, प्रमोद रिछपाल, सतपाल, सुखराम, भंवर एवं सुमन कंवर ने निभाई। आयोजन को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षक लिछमण सिंह, सुरेन्द्र सिंह व पंकज शर्मा का विशेष योगदान रहा।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. नाथावत ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को हार-जीत से प्रभावित हुए बिना निरंतर अभ्यास कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में लिछमण सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आनंद शर्मा ने किया। इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी तथा बाहर से आई टीमों के मैनेजर व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# सादुलपुर में कबड्डी महाकुंभ को लेकर गांव-गांव संपर्क

## खारिया में दिखा खास उत्साह



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** सादुलपुर में आगामी 1 फरवरी को आयोजित होने वाले कबड्डी महाकुंभ को लेकर क्रीड़ा भारती की ओर से गांव-गांव संपर्क अभियान तेज किया गया है। इसी क्रम में क्रीड़ा भारती के पदाधिकारियों ने गांव खारिया में ग्रामीणों से संपर्क किया, जहां कबड्डी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान खारिया गांव के ग्रामीणों ने पारंपरिक वेशभूषा धोती-कुर्ता पहनकर कबड्डी टीम मैदान में उतारने की घोषणा की। ग्रामीणों ने बताया कि वे पूरी तैयारी और जोश के साथ प्रतियोगिता में भाग लेंगे। गांव में कबड्डी महाकुंभ को लेकर सकारात्मक माहौल और उत्साह स्पष्ट नजर आया। संपर्क अभियान का नेतृत्व क्रीड़ा भारती की प्रांत महिला प्रमुख गायत्री पूनिया ने किया। उनके साथ जिला मंत्री जुगल किशोर पूनिया, मनोज पूनिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर गांव खारिया में प्रदीप जाखड़ सहित ग्रामीणों ने बूढ़ा टीम लेकर मैदान में पहुंचने की बात कही। इसके अलावा सांखू विजयपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भी संपर्क किया गया, जहां विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने कबड्डी महाकुंभ को लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की बात कही। क्रीड़ा भारती पदाधिकारियों ने बताया कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र की अनेक टीमें भाग लेंगी।

# बीकानेर रोड मार्केट एसोसिएशन ने रखा पोषबड़ा कार्यक्रम

## व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के बीकानेर रोड मार्केट एसोसिएशन संघ की ओर से पोषबड़ा व दाल के हलवे का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन पुनिया ट्रेडिंग कंपनी के पास संपन्न हुआ। जिसमें बीकानेर रोड मार्केट एसोसिएशन के सभी सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान न केवल मार्केट के व्यापारियों ने बल्कि सरदारशहर से बीकानेर की ओर जाने वाले बड़ी संख्या में वाहन चालकों व पैदल यात्रियों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट माणकचंद भाटी ने कहा कि मार्केट के व्यापारियों की ओर से प्रतिवर्ष समय-समय पर ऐसे आयोजन किए जाते हैं। जिससे आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द बढ़ता है। साथ ही इन आयोजनों के माध्यम से आमजन को भी प्रसाद वितरित कर सेवा का भाव प्रकट किया जाता है। इस दौरान मार्केट के व्यापारियों की ओर से अध्यक्ष एडवोकेट माणकचंद भाटी का माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन संघ के सचिव परमेश्वर लाल पारीक, मांगीलाल पूनियां, विकास पारीक, सुनील राजपुरोहित, नरेंद्र शर्मा, प्रकाश पारीक, जयप्रकाश पारीक, विकास सारण, शंकरलाल पूनियां, रामनिवास शर्मा, मनीराम सींवर, राजकुमार पारीक सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात व्यापारियों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सरदारशहर से बीकानेर जाने वाली मुख्य सड़क पर स्थित दुकानों के आगे पानी निकासी की नालियों के निर्माण, नियमित सफाई व्यवस्था तथा क्षतिग्रस्त सड़क के पुनर्निर्माण को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान यूनियन अध्यक्ष एडवोकेट माणकचंद भाटी व व्यापारी मांगीलाल पूनियां ने कहा कि यदि समय रहते प्रशासन ने समस्याओं का समाधान नहीं किया तो सभी व्यापारी एकजुट होकर पुनः धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी धरना दिया गया था। जिस पर एसडीएम, तहसीलदार व नगर परिषद आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया था। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं नगर परिषद की सभापति राजकरण चौधरी ने बताया कि संबंधित सड़क का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है और शीघ्र ही कार्य शुरू किया जाएगा। जिससे आमजन व व्यापारियों को राहत मिलेगी।

# नाबालिग की हत्या का सनसनीखेज खुलासा: गला घोंटकर हत्या

## हैरतअंगेज: धरने में बैठकर आरोपी न्याय मांगता रहा



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** ग्रामीण क्षेत्र में नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पहले नाबालिग से संबंध बनाए, गर्भवती होने की जानकारी मिलने पर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। हैरानी की बात यह रही कि हत्या के बाद आरोपी दो दिन तक धरने में शामिल होकर न्याय की मांग करता रहा। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि 8 दिसंबर को सूचना मिली थी कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित एक बंद पड़ी खदान में एक लड़की का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए तथा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मृतक नाबालिग लगभग 6 माह की गर्भवती थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की और संदिग्ध लोगों के डीएनए सैंपल लिए गए। जांच के दौरान कृष्णा उर्फ सुनील मेघवाल उम्र 21 निवासी छोटी घंटियाल का डीएनए सैंपल भ्रूण से मैच हो गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि करीब पांच-छह माह पहले उसने नाबालिग से संबंध बनाए थे और इसके बाद मजदूरी के लिए बाहर चला गया था। करीब छह माह बाद लौटने पर जब उसने नाबालिग से मुलाकात की तो उसके गर्भवती होने की जानकारी मिली। आरोपी ने 7 दिसंबर की रात को नाबालिग को मिलने के बहाने बुलाया और उसे अपने साथ बंद पड़ी खदान में ले गया, जहां हाथों से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और लोग आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# पौष बड़ा का महोत्सव का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** कस्बे की बिरोल रोड़ पर जीवन एक आधार सेवा संस्थान की ओर से पौष बड़ा का आयोजन किया गया। संस्था प्रभारी पुष्पा सैनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिरोल रोड़ पर पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें पकौड़ी और जलेबी का भगवान को भोग लगाकर राहगीरों में वितरण किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुभाष चौबदार, पंकज सैनी, मनोज पंवार, तरुण शर्मा, विक्रम शर्मा, पप्पू पंवार, नरेंद्र पंवार, रिचिका सैनी, मोहित सैनी आदि मौजूद रहे।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में संपर्क पोर्टल व फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों की स्थिति एवं निस्तारण की प्रगति के साथ-साथ राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व संवेदनशीलता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परिवादों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक प्रकरण का फीडबैक सही ढंग से पोर्टल पर दर्ज किया जाना आवश्यक है। बैठक के दौरान राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने योजनाओं की भौतिक व वित्तीय प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त बैठक में जयपुर में आयोजित होने वाली आर्मी डे परेड में आमजन की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर भी चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले से अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा इसके लिए प्रचार-प्रसार, पंजीकरण एवं परिवहन जैसी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि आर्मी डे परेड राष्ट्र गौरव का विषय है और आमजन की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ेगी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव, झुंझुनू एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजपाल सिंह, जिला लेखाधिकारी डॉ सतीश खेदड़, एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता एम के टिबड़ा, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, पीएमओ डॉ जितेंद्र भांबू, नगर परिषद आयुक्त देवीलाल, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, प्रशासनिक सुधार विभाग की सहायक निदेशक सृष्टि, एपीआरओ विकास चाहर, महिला एवं बाल विकास के उपनिदेशक बृजेंद्र राठौड़, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ राजेंद्र सिंह लांबा, उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ विजयपाल कस्वा, डीईओ प्रारंभिक संतोष सोहू, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझडिया, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक चौपदार, जिला खेल अधिकारी राजेश ओला सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सक्षम जयपुर अभियान : बस्सी में नारी चौपाल बना महिला सशक्तिकरण का सशक्त मंच

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप जयपुर जिले में महिला सशक्तिकरण को सशक्त आधार देने की दिशा में सक्षम जयपुर अभियान के तहत नारी चौपाल कार्यक्रम प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत उपखण्ड स्तर पर आयोजित इन चौपालों ने महिलाओं को संवाद, सहभागिता और आत्मनिर्भरता का सशक्त मंच प्रदान किया है। इसी क्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार बुधवार को बस्सी उपखण्ड में नारी चौपाल का भव्य आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारों महिलाओं व बालिकाओं की सहभागिता ने आयोजन को प्रेरणादायी बना दिया। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मृणाल कुमार व उपखण्ड अधिकारी डॉ. गरिमा शर्मा की उपस्थिति में आयोजित चौपाल में महिलाओं ने आत्मविश्वास, हुनर और नेतृत्व क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान मारवाड़ी लोकगीत, लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक व आत्मरक्षा प्रशिक्षण जैसी प्रस्तुतियों ने चौपाल को जीवंतता प्रदान की। 'हम होंगे कामयाब' और 'मेरा काम–मेरा सम्मान' जैसी प्रस्तुतियों के माध्यम से महिलाओं ने स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता का सशक्त संदेश दिया। विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं की ओर से अनुभव साझा किए जाने से उपस्थित प्रतिभागियों को आगे बढ़ने की नई प्रेरणा मिली। नारी चौपाल में महिला व बाल विकास, चिकित्सा, शिक्षा, पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।अधिकारियों ने महिलाओं से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, पोषण, स्वरोजगार और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर लगाए गए सहायता काउंटरों के माध्यम से महिलाओं को योजनाओं से जुड़ा मार्गदर्शन और सहयोग भी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं ने सक्षम जयपुर अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर किए तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ ली। नोडल अधिकारी एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मृणाल कुमार की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। डॉ. डोगीवाल ने बताया कि नारी चौपाल का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

## भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत का भव्य अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू/जयपुर।** झुंझुनू प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत के जयपुर स्थित निवास पर भाजपा नेता व विप्र समाज राजस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश बसावतिया के नेतृत्व में झुंझुनू से पहुँची एक प्रतिनिधि टीम ने उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर पार्टी की सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने की खुशी में मंत्री गहलोत को माला, दुपट्टा, गुलदस्ता, प्रतीक चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएँ दी गईं। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार की ओर से विगत दो वर्षों में किए गए अभूतपूर्व विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन व निरंतर समर्पण भाव से किए जा रहे कार्यों के लिए प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत का हार्दिक अभिनंदन व स्वागत किया। टीम सदस्यों ने कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई दिशा प्राप्त की है, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक राष्ट्रीय सेनी सभा व भाजपा नेता जगदीश प्रसाद सैनी, सुमेर सिंह कड़वासरा, रत्नलाल हलवाई,अबदुल्ल लतीफ खोखर, समाज सेवी,इस्तियाक सैयद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल नेतृत्व और भविष्य की विकास योजनाओं के प्रति विश्वास जताया। यह कार्यक्रम सौहार्द, उत्साह और गौरवपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसने भाजपा सरकार के सफल दो वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित किया।

## टेंट एसोशिएशन के शपथ ग्रहण समारोह से पूर्व सजा राजलदेसर



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर (निस)।** चूरू जिला टेंट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पद के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राजलदेसर कस्बा पूरी तरह सज-धज गया है। कस्बा मानो दुल्हन की तरह सजा नजर आ रहा है। यह समारोह 8 जनवरी को माली सैनी समाज गेस्ट हाउस में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां राजलदेसर टेंट एसोसिएशन की ओर से पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजकों के अनुसार, दोपहर 1 बजे विनायक होटल से भव्य स्वागत जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस एनएच-11 स्टेडियम से होते हुए सुभाष चौक, बस स्टैंड, गांधी चौक से गुजरता हुआ माली समाज गेस्ट हाउस पहुंचेगा। इसी समारोह में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष निर्मल सैनी पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण से पूर्व बातचीत में निर्मल सैनी भावुक नजर आए। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने एक छोटे से टेंट व्यवसाय की शुरुआत की थी, लेकिन अल्प समय में ही उनका स्वर्गवास हो गया। पिता के अधूरे सपने को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी उन्होंने और उनके भाई प्रदीप ने संभाली। कड़ी मेहनत और परिवार के आशीर्वाद से आज यह व्यवसाय एक बड़े स्वरूप में खड़ा है। निर्मल सैनी ने कहा कि माता-पिता के आशीर्वाद से मिला यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है, जिसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने सभी साथियों और सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि संगठन को एकजुट कर टेंट व्यवसाय से जुड़े लोगों के हितों के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

## पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा स्थित मुख्य बाजार में बुद्धवार को पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन भामाशाह गोपाल केड़िया की ओर से हुआ। जिसमें में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। भगवान को भोग अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भजनों और जयकारों के बीच श्रद्धालु भगवान का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। इस धार्मिक आयोजन में भगवान को पकोड़ा और चाय का भोग अर्पित किया गया। केड़िया ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी बड़े ही विधि-विधान और भक्ति भाव के साथ की गई थी। पकोड़े, चाय का प्रसाद तैयार किया गया। भक्तों का उत्साह देखते ही रहा था। जैसे ही भगवान को भोग लगाने के बाद प्रसाद वितरण शुरू हुआ, पूरा परिसर जय श्री राम और हर हर महादेव, श्री गिरिराज महाराज की जय के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में हलवा, पकोड़ा और चाय ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष राधेश्याम सैनी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय रामगढ़िया, श्यामसुन्दर केड़िया, सुभाष मील, महेश जोशी, मनीष लाटा, महेश टेलर बंटी , अजय कुमार , हेमंत , मोनू , गजेंद्र सिंह, आदेश, सहित अन्य भक्तों ने आयोजन सफल बनाने में योगदान दिया।

## कैमिस्ट एसोसिएशन ने किया पंकज गुप्ता का स्वागत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय शास्त्री प्याऊ के पास स्थित नवजीवन गार्डन में सुजानगढ़ कैमिस्ट एसोसिएशन की ओर से चूरू जिला कैमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पंकज गुप्ता का निरन्तर चोथी बार भारतीय जनता पार्टी राजस्थान का प्रदेश कोषाध्यक्ष बनने पर अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंकज गुप्ता का अभिनंदन पत्र, शॉल, श्रीफल,



साफा और पुष्पाहार से सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पंकज गुप्ता ने कहा कि कैमिस्ट एसोसिएशन के बीच आना उनको मायके जैसा सुख प्रदान करता हैं। उन्होंने कहा कि वो आज भी एक कैमिस्ट हैं। राजनीति उनके लिए जनसेवा का एक सर्वोत्तम माध्यम है। समारोह की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष भोमाराम बिजारणियां ने की। एसोसिएशन के जिला सचिव अनिल शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। सुमनेश शर्मा ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। संरक्षक भगवतीप्रसाद नवहाल पूर्व जिला सचिव जितेंद्र शर्मा सरदारशहर, पार्षद डॉ. शर्मिला प्रकाश सोनी मंचस्थ रहे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम सारड़ा, वरिष्ठ कैमिस्ट माणक चंद खेतान, राजेश सुंदरियां, पूर्व पार्षद पवन माहेश्वरी, प्राचार्य रणवीर सिंह महरिया, राजकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर शर्मा, सरदारशहर के पूर्व वाइस चेयरमैन राजेन्द्र सोनी, डॉ. अविनाश पारीक, महावीर तंवर, पवन सैनी, एडवोकेट मनीष दाधीच, राजकुमार बेडा, प्रकाश भार्गव आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया।

## शीत लहर का प्रकोप जारी, जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले सहित समूचे उत्तर भारत में शीत लहर का प्रकोप जारी है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग ने आमजन के लिए शीत लहर से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और एडवाइजरी जारी की है। मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार आमतौर शीतलहर दिसंबर और जनवरी में घटित होती है, जिसके चलते सर्द हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने के साथ-साथ यदा कदा जनहानि होने की आशंका भी रहती है। ऐसे में सतर्क रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ऐसे समय में कुछ छोटी छोटी सावधानी बरत कर शीतलहर से बचा जा सकता है।


### शीतलहर से होने वाले दुष्प्रभाव:

चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार शीतलहर का नकारात्मक प्रभाव बुजुर्गों और छोटे बच्चों पर अधिक होता है। शीतलहर से प्रभावित रोगियों के लक्षण में शरीर का ठण्डा पड़ जाना, शरीर का सुन्न पड़ना, नाड़ी का धीमा व मन्द पड़ जाना, रोऐं खड़े हो जाना व श्वसन तेज चलना आदि होता है। रोगी की ओर से समय पर उपचार नहीं लेने पर रोगी की मृत्यू भी हो सकती है। दिव्यांग व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित रोगियों, खुले क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों के लिए भी शीत लहर के दौरान विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है। इसको दृष्टिगत रखते हुए आमजन को जागरूकता के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए।

### शीतलहर से ऐसे करें बचाव:

शीत लहर अथवा पाले से बचाव के लिए गर्म वस्त्र एवं कई परतों में कपड़ों का उपयोग किया जाना चाहिए। जहां तक हो सके घर के बाहर कार्य हेतु दिन में निकले। स्वयं को व बच्चों को उपलब्ध ऊनी कपड़ो से ढ़कें। फुटपाथ पर रहने वाले श्रमणशील जातियां जैसे भिखारी, गाड़िया लुहार आदि रात्रि में रैन बसेरा, सार्वजनिक भवन, धर्मशालाओं में रहें। खुले स्थान पर न सोयें रात्रि में बाहर कार्य करना अथवा रहना आवश्यक हे तो अपने पास अंगीठी अथवा अलाव लगाकर तापने की व्यवस्था करें। शीतलहर में अधिकतर गर्म भोजन का सेवन करें और खाद्य पदार्थ जैसे गुड़, तिल, चिकनाई, चाय, कॉफी आदि का सेवन करें। शारीरिक श्रम अधिक करें हो सके तो सुबह व्यायाम करें। तेल की मालिश करें। जिस शीतलहर से प्रभावित व्यक्ति को कम्बल, रजाई आदि से ढ़कें। पास में अंगीठी, हीटर आदि जलायें। गर्म पेय पदार्थ गुड़, चाय, चिकनाई (घी), कॉफी, तेल का अधिक उपयोग करें ,गर्म पानी की थैली उपलब्ध होतो उससे सेक करें। बाद में पास के चिकित्सालय में दिखाऐं, जहां तक हो सके गर्म पानी से नहायें। शीतलहर से प्रभावित होने पर व्यक्ति को शीघ्र ही नजदीकी चिकित्सा संस्थान में उपचार के लिए ले जाए।

## मंड़ावा में श्रीराम कथा, श्रद्धालु उमड़े



### बाल लीलाओं से अहिल्या उद्धार के प्रसंग सुनाए

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** फतेहपुर मार्ग स्थित गोयनका धर्मशाला में संगीतमय रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन बुद्धवार को संत धर्मदास महाराज (अयोध्या ) ने भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं से लेकर अहिल्या उद्धार तक के प्रसंगों का वर्णन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर मौजूद रहे। महाराज ने भगवान के बाल रूप दर्शन की लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रभु की बाल क्रीड़ाएं जीवन को सरल और पवित्र बनाने का मार्ग दिखाती हैं। कथा में भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया गया। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि जिस घर में भगवान का भजन नहीं होता, वहां अभिमान, मोह और झगड़े उत्पन्न होते हैं। भजन से ही घर-परिवार में शांति और सद्भाव बना रहता है। इसके बाद उन्होंने भगवान के नामकरण संस्कार, जनेऊ संस्कार और विद्याध्ययन लीलाओं का वर्णन किया। संत ने जीवन संदेश देते हुए कहा कि चिंता के बजाय चिंतन से समाधान प्राप्त होता है। प्रभु का स्मरण मनुष्य को हर संकट से बाहर निकालता है। कथा के अगले प्रसंग में विश्वामित्र द्वारा भगवान राम और लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने की लीला का वर्णन किया गया। इसमें ताड़का वध सहित कई घटनाओं का उल्लेख हुआ। कथा के अंत में अहिल्या उद्धार प्रसंग का वर्णन किया गया। बताया गया कि प्रभु श्रीराम के चरण स्पर्श से अहिल्या का उद्धार हुआ। कथा के समापन पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के सुनील सोनी ने बताया कि यह कथा रोजाना दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलती है।

## नवलगढ़ में युवती के फरार होने के मामले ने तूल पकड़ा

### परिजनों ने कलेक्टर से विवाह आवेदन निरस्त करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़ (निस)।** नवलगढ़ के पौदार कॉलेज क्षेत्र से एक युवती के युवक के साथ फरार होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए विवाह पंजीयन के लिए दिए गए आवेदन को निरस्त करने की मांग की है। परिवार का आरोप है कि युवती बिना बताए घर से चली गई और साथ में नकदी, आभूषण व महत्वपूर्ण दस्तावेज भी ले गई। परिजनों के अनुसार, अनामिका सैनी (निवासी वार्ड नंबर 3, पौदार कॉलेज के सामने) कथित रूप से सुहैल खत्री (निवासी आथुना मोहल्ला, नवलगढ़; हाल निवासी नागरपुरा) के साथ फरार हुई है। परिवार का दावा है कि युवती अपने साथ सोने की चेन, चुड़ियां, झुमके, बालियां, कड़ा, चांदी का कड़ा, तीन जोड़ी पाजेब, घर के बर्तन, एक स्कूटी, तथा करीब 2.25 लाख रुपए नकद लेकर गई। इसके अलावा, करीब 11 लाख रुपए मूल्य के एक प्लॉट की रजिस्ट्री के मूल दस्तावेज भी ले जाने का आरोप लगाया गया है। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि युवती अपनी माता का बैंक एटीएम कार्ड साथ ले गई और खाते से राशि निकाल ली। परिवार का कहना है कि युवती पूरी तरह युवक के प्रभाव में है और उन्हें सुरक्षा को लेकर धमकियों की आशंका है। परिजनों ने जिला प्रशासन को बताया कि युवक व युवती की ओर से जिला कलेक्टर व जिला विवाह पंजीयन कार्यालय, झुंझुनूं में विवाह हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिस पर 16 दिसंबर 2025 को नोटिस जारी हुआ था। इसी आधार पर परिवार ने आवेदन निरस्त करने का अनुरोध किया है। परिवार के सदस्य जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन देकर मामले की जांच, युवती की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कथित रूप से साथ ले जाई गई नकदी व संपत्ति की बरामदगी की मांग की।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सरदारशहर

e-mail: eeproj.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- 2218 दिनांक:-29.12.2025

### ई - निविदा सूचना 26-37/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्लू. एफ. एण्ड ए.आर. पार्ट - अपेडिक्स 18 दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय - समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों (प्रकाशन दिनांक तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं संबंधित कार्यो में अनुभव रखने वाली फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 06 में अंकित तिथि तक सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किए जा सकते हैं । वैब साईट पर तकनीकी बिड कॉलम संख्या 07 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में प्रातः 02.00 पी. एम. पर खोली जावेगी। यदि किसी कारणवंश उस दिन अवकाश रहता है, तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी ।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि निविदादाता द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से DDO Code 4836-XEN Project Div SARDARSHAHR Budget Head लोक निर्माण कार्य जमा 8443-00-108-00-00 एवं निविदा शुल्क (through e-GRAS Challan (website http//egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836 XEN Project Div SARDARSHAHR Budget Head निविदा शुल्क प्राप्ती-0075-00-200-52-01) के अन्तर्गत जमा करवाया जावेगा, ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क रूपये 50.00 लाख तक 500 /- रू. 50.00 लाख से 100.00 तक 1500/- 100.00 लाख से 500.00 लाख तक रू. 2000/- तथा 500.00 लाख से अधिक रू. 2500/- का का द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से जमा करवाकर भौतिक रूप कालम से. 07 मे अंकित दिनांक को प्रातः 11.00 बजे तक इस कार्यालय मे जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (DSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट http//eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( राशि लाखों मे) | धरोहर राशि ( राशि लाखों मे) | निविदा शुल्क (राशि रूपयो मे) | निविदा डाउनलोड/ अपलोड करने की तिथि | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26/25 -26 | Work of maintaining power factor and Hiring of power capacitor for various electric connections Pump House Tube Well/ Open Wells etc under the jurisdiction of Div Sardarsahar UBN is- PHE2526WSRC10229 Date 29.12.25 | 20.00 | 40000 | 500 | 13.01.2026 | 14.01.20 26 | 12 Month |
| 27/25 -26 | Annual Rate Contract for Periodic maintenance of pipe line and pump set for RWSS Jaitsisar under division Sardarshahar.UBN is- PHE2526WSRC10230 Date 29.12.25 | 05.94 | 11880 | 500 | 13.01.2026 | 14.01.20 26 | 12 Month |
| 28/25 -26 | Annual Rate Contract for Periodic maintenance of pipe line and pump set for RWSS Barjangsar under division Sardarshahar. UBN is PHE2526WSRC10231 Date 29.12.25 | 06.15 | 12300 | 500 | 13.01.2026 | 14.01.20 26 | 12 Month |
| 29/25 -26 | Annual Rate Contract for Periodic maintenance of pipe line and pump set for RWSS Rajasar bikan under division Sardarshahar. UBN is- PHE2526WSRC10232 Date 29.12.25 | 06.12 | 12240 | 500 | 13.01.2026 | 14.01.20 26 | 12 Month |
| 30/25 -26 | Annual Rate Contract for Disconnection of illegal connection of UWSS Sardarshahar under revenue sub division sardarshahar. UBN is- PHE2526WSRC10233 Date 29.12.25 | 04.50 | 9000 | 500 | 13.01.2026 | 14.01.20 26 | 12 Month |
| 31/25 -26 | Annual Rate contract for work of supply and fixing of various electric spare parts for starter and panel CI specials sluice valve NRVs of various UWSS city Sardarshahar under PHED div Sardarshahar. UBN is- PHE2526WSRC10234 Date 29.12.25 | 10.00 | 20000 | 500 | 13.01.2026 | 14.01.20 26 | 12 Month |
| 32/25 -26 | Annual Rate contract for work of supply and fixing of various electric spare parts for starter and panel CI specials sluice valve NRVS of various RWSS under PHED div Sardarshahar. UBN is- PHE2526WSRC10235 Date 29.12.25 | 10.00 | 20000 | 500 | 13.01.2026 | 14.01.20 26 | 12 Month |
| 33/25 -26 | Annual Rate contract for Routine Maintence of Pumping Machinery, Sluice Valve and tube well of RWSS Mehrasar chachera sub division Revenue under division Sardarshahar. UBN is- PHE2526WSRC10236 Date 29.12.25 | 7.17 | 14340 | 500 | 13.01.2026 | 14.01.20 26 | 12 Month |
| 34/25 -26 | Annual Rate contract for Routine Maintence of Pumping Machinery, Sluice Valve and tube well of RWSS Ramsisar 8.72 sub Division Revenue Sardarshahar. UBN is- PHE2526WSRC10237 Date 29.12.25 | 8.72 | 17440 | 500 | 13.01.2026 | 14.01.20 26 | 12 Month |
| 35/25 -26 | Annual Rate Contract for Removing of Leakage and chocking in variou size pipe lines in Rural Rev. sub division under Division Sardarshahar. UBN is- PHE2526WSRC10238 Date 29.12.25 | 10.00 | 20000 | 500 | 13.01.2026 | 14.01.20 26 | 12 Month |
| 36/25 -26 | Annual Rate Contract for Removing of Leakage and chocking in variou size pipe lines in Rural City sub division under Division Sardarshahar. UBN is- PHE2526WSRC10239 Date 29.12.25 | 20.00 | 40000 | 500 | 13.01.2026 | 07.10.25 | 12 Month |
| 37/25 -26 | Annual Rate Contract for Removing of Leakage and chocking in variou size pipe lines in RWSS under O AND M PMC, PHED sub Division Sardarshahar. UBN is- PHE2526WSRC10240 Date 29.12.25 | 10.00 | | 500 | 13.01.2026 | 14.01.20 26 | 12 Month |

नोट :- निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं अन्य शर्ते निम्नलिखित वैब साईट पर देखी जा सकती है।
1- http://eproc.rajasthan.gov.in 2- sppp.rajasthan.gov.in 3- www.dipronline.org
निविदा में निर्धारित दिनांक तक नवीनतम पुर्नावलोकन रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। शर्त सहित निविदा मान्य नहीं होगी, निविदा विक्रय / प्राप्ति / खोलने की तिथि को अवकाश होने पर अगला कार्य दिवस गाना जावेगा । निम्न हस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार रहेगा ।

प्रकृति का अनुपम उपहार
स्वच्छ जल का सबको उपहार

DIPR/C/49/2026

(रामदेव पारीक)
अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वा.अभि.
विभाग, खण्ड सरदारशहर